हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025

तापमान

अधिकतम 38.5 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री


13 सोनिया-राहुल के खिलाफ ईडी की कार्रवाई ...


14 महापौर बंगला हो गया खाली, दीवार पर पुट्टी और ...

# गजब मुसीबत... बीबीए-बीसीए तकनीकी शिक्षा के अधीन, कॉलेज चुकाएंगे दोहरा संबद्धता शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

विद्यार्थियों की कमी से जूझ रहे महाविद्यालयों के सामने एक और मुसीबत आ पड़ी है। बीसीए और बीबीए को भी अब तकनीकी शिक्षा के अधीन कर दिया गया है। इस कारण कॉलेजों को विवि के साथ-साथ एआईसीटीई अर्थात ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन को भी संबद्धता शुल्क देना पड़ रहा है। अब तक महाविद्यालय अपने शैक्षणिक संस्थान में संचालित होने वाले पाठ्यक्रम के लिए मात्र विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त करते थे। इसके लिए विश्वविद्यालय को प्रतिवर्ष संबद्धता शुल्क प्रदान की जाती रही है।

पूर्व में केवल एमबीए अर्थात मास्टर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन और एमसीए अर्थात मास्टर इन कंप्यूटर एप्लीकेशन ही तकनीकी शिक्षा के अधीन था। अब इन दोनों पाठ्यक्रमों के स्नातक कोर्स अर्थात बीबीए और एमबीए को भी तकनीकी शिक्षा में शामिल कर दिया गया है। तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत आने वाले पाठ्यक्रम के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से भी संबद्धता प्रदान करना अनिवार्य होता है। संबद्धता के लिए तय मापदंड पूर्ण करने के साथ ही शुल्क का भी भुगतान करना होता है।

## कॉलेज हलाकान, विवि के साथ एआईसीटीई को भी देंगे एफिलिएशन फीस

### छग के 150 कॉलेज हैं सूची में शामिल

छग के महाविद्यालय बीबीए और बीसीए के लिए 40 हजार रुपए संबद्धता शुल्क प्रदान कर रहे हैं। पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में 30 ऐसे हैं, जहां बीबीए और बीसीए का संचालन होता है। पूरे प्रदेश में ऐसे महाविद्यालयों की संख्या लगभग 150 है, जहां बीए, बीकॉम, बीएससी जैसे परंपरागत पाठ्यक्रम के साथ बीबीए-बीसीए का भी संचालन होता है। अर्थात प्रदेश के 150 महाविद्यालय दोहरी संबद्धता राशि चुका रहे हैं। मौजूदा शैक्षणिक सत्र में भी इनके द्वारा यह राशि दी गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत यह बदलाव किया गया है।



### बढ़ाएंगे शुल्क

बीबीए और बीसीए में सीट संख्या सीमित रहती है। अधिकतर महाविद्यालयों में इन पाठ्यक्रमों में 20 से 30 सीट ही होती हैं। महाविद्यालय अब इन पाठ्यक्रमों की फीस वृद्धि का विचार कर रहे हैं ताकि एफिलिएशन फीस की राशि निकाली जा सके। नवीन शैक्षणिक सत्र से इस राशि में वृद्धि हो सकती है। महाविद्यालयों द्वारा इस संदर्भ में विश्वविद्यालयों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई समाधान नहीं मिलने से वे निराश हैं।

### उच्च शिक्षा विभाग को खत

छोटे महाविद्यालयों पर इस नियम से आर्थिक बोझ पड़ रहा है। हम उच्च शिक्षा विभाग को खत लिखकर अपनी समस्याएं बताएंगे। समाधान नहीं निकला तो फीस बढ़ाना हमारी मजबूरी होगी।

-प्रो.देवाशीष मुखर्जी, सचिव, निजी महाविद्यालय संघ

## खबर संक्षेप

### डीएमएफ घोटाला के आरोपी की जमानत खारिज

**रायपुर।** जेल में बंद डीएमएफ घोटाला के आरोपी मनोज द्विवेदी की ईओडब्लू की विशेष कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी है। बचाव पक्ष के वकील ने अपने पक्षकार को निर्दोष बताते हुए जमानत दिए जाने तथा जांच में सहयोग करने कोर्ट मे तर्क पेश किया। साथ ही बचाव पक्ष के वकील ने ईओडब्लू पर अपने मुवक्किल को झूठे केस में फंसाए जाने का आरोप लगाया।

### पुलिस कर्मी को ठगने वाला तीन साल बाद पकड़ा गया

**रायपुर।** ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट कराने के नाम पर पुलिस कर्मी से ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने तीन साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी विपिन कुमार छितई उत्तरप्रदेश के रायबरेली का रहने वाला है। प्रार्थी रविकांत कटारे ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि डीबीएस बैंक का परिचय देकर एक शख्स ने उससे कार्ड एक्टिवेट करने के नाम पर विभिन्न तरह की जानकारी ली और उसके खाते से 80 हजार रुपये से ज्यादा राशि गायब कर दी थी। मामले की जांच के दौरान आरोपी का सुराग मिला, जिसके बाद पुलिस टीम वहां पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर रायपुर लेकर आई।



### मारपीट का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** साथियों के साथ घर घुसकर युवक और उसकी मां से मारपीट करने के मामले में फरार आरोपी मोहसिन अली उर्फ मौसन उर्फ मुसन अली को दो साल बाद गिरफ्तार कर लिया गया। राजतालाब नूरानी चौक में रहने वाले हसन खान ने दो साल पहले इसकी रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने मामले में संकलेन अली, समीर अली, जहीद अली को घटना के कुछ दिन बाद गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मोहसिन फरार हो गया था। महाराष्ट्र में फरारी काटने के बाद वह रायपुर आया था, जिसकी सूचना पुलिस को मिली और उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।



शासकीय जेएन मेडिकल कालेज में संविदा आधार पर भर्ती के लिए हुआ वॉक इन इंटरव्यू

# चिकित्सा शिक्षकों के 166 पद, इंटरव्यू के लिए आए सिर्फ 50, हार्ट के लिए कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय जेएन मेडिकल कालेज में सेटअप के अनुसार विभिन्न विभागों में संविदा आधार पर भर्ती के दूसरे प्रयास में भी बड़ी सफलता नहीं मिली। चिकित्सा शिक्षा से संबंधित 166 पदों के लिए लगभग 50 दावेदारों ने इंटरव्यू दिलाया। सबसे निराशाजनक बात यह रही कि हृदय की सर्जरी करने वाले एकमात्र सीटीवीएस विभाग में सेवा देने के लिए एक ने भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। साक्षात्कार में लगभग 17 लोगों के चयन होने की उम्मीद है, जिनकी सूची आने वाले दिनों में जारी की जाएगी।

पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सेटअप के अनुसार चिकित्सा शिक्षकों की भर्ती संविदा आधार पर किए जाने का प्रयास किया ▶▶|शेष पेज 13 पर




### आचार संहिता की वजह से देर

संविदा आधार पर रिक्त पदों की भर्ती के लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया महीने दो महीने में पूरी की जाती है। दिसंबर के बाद लगी चुनाव आचार संहिता की वजह से इस बार चार माह का वक्त लग गया। सूत्रों के मुताबिक सेटअप के अनुसार पदों की पूर्ति के लिए आने वाले दिनों में पुनः प्रयास किया जाएगा।

### कम वेतन और सुपरस्पेशलिटी कैडर रोड़ा

कार्डियक सर्जरी यानी सीटीवीएस सुपर स्पेशलिटी विभाग है। यहां सहायक प्राध्यापक के लिए डीएम अथवा एमसीएच की योग्यता जरूरी होती है। सुपरस्पेशिलिटी कोर्स एमडी-एमएस के बाद होता है, मगर उस हिसाब से उन्हें वेतन नहीं दिया जाता। चिकित्सा विशेषज्ञों के हिसाब से वेतन की वजह से ऐसे चिकित्सकों में असंतोष है। साथ ही उनके द्वारा सुपरस्पेशलिटी कैडर की मांग भी काफी समय से की जा रही है। चिकित्सकों का तर्क है कि इन विसंगति को दूर करने के बाद ही यहां फैकल्टी की व्यवस्था हो सकती है।

### *सर्जरी, ईएनटी, आर्थो को मिले डाक्टर*

*संविदा आधार पर की जा रही भर्ती में जनरल सर्जरी, नाक कान गला रोग विभाग, हड्डी रोग, मेडिसिन विभाग सहित कुछ अन्य विभागों को चिकित्सा शिक्षक और सीनियर रेसीडेंट मिले हैं। वहीं डिमांड में नहीं रहने वाले नॉन क्लीनिकल विभाग में कुछ रिक्त पदों की पूर्ति हो पाई है। यहां एनॉटामी, फिजियोलॉजी में फार्मकोलॉजी, माइक्रोबॉयलॉजी, फारेंसिक मेडिसिन, पीएसएम जैसे विभागों में भी फैकल्टी की कमी को संविदा भर्ती के आधार पर दूर करने का प्रयास किया गया था। अनुमान की तुलना में इंटरव्यू के लिए कम दावेदार पहुंचे।*

# ट्रायल के बिना बिकने वाली 35 कॉकटेल दवाओं पर सीडीएससीओ ने लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- ऐसी फार्मा कंपनियों पर रोक लगाने सभी राज्यों को विभागीय पत्र

कई शारीरिक समस्याओं को दूर करने वाली 35 तरह की कॉकटेल दवाओं की बिक्री पर सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन ने प्रतिबंध लगाया है। तमाम राज्यों के एफडीए को पत्र भेजकर इनकी बिक्री रोकने और फार्मा कंपनियों की मार्केटिंग पर रोक लगाने कहा गया है। तर्क दिया गया है कि मिश्रित दवाओं का ट्रायल नहीं हुआ है, जिसकी वजह से इसका उपयोग मानव स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है।

सूत्रों के मुताबिक पिछले दिनों सीडीएससीओ द्वारा राज्य के खाद्य एवं औषधि प्रशासन को जारी किए गये पत्र में 35 तरह की मिश्रित दवाओं की सूची भी शामिल है। इनमें सर्वाधिक डिमांड में रहने वाली डायबिटीज, एंटीडिप्रेशेंट, पेन किलर, एंटीबायोटिक जैसी दवाएं भी शामिल हैं। किसी भी दवा को उपभोक्ताओं को तभी उपलब्ध कराया जा सकता है, जब उसका पर्याप्त ट्रायल हो चुका हो। नयी दवाओं का ट्रायल कई चरणों पर किया जाता है, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर इस पर फैसला लिया जाता है। तर्क दिया गया है कि विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए बनाई जाने वाली मिश्रित दवाओं का एक साथ ट्रायल नहीं किया गया है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता

इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सचिव राहुल वर्मा ने कहा कि कॉकटेल बनाकर बेची जाने वाली दवाओं और मार्केटिंग करने वाली फार्मा कंपनियों पर सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता है। एसोसिएशन आम लोगों को ऐसी दवाएं नहीं खरीदने या खरीदने से पूर्व फार्मासिस्ट से सलाह लेने के लिए जागरूक करने का प्रयास करेगा।

# महादेव के खिलाड़ियों का पूर्वोत्तर कूच, दबोचे गए 14 सटोरिये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पुलिस उन तक पहुंच न पाए इसलिए मुस्लिम बहुल एरिया में मकान किराए पर लिए

महादेव तथा गजानंद एप से आईपीएल क्रिकेट सट्टा संचालित करने के आरोप में 14 सटोरियों को पुलिस ने कोलकाता तथा असम से गिरफ्तार किया है गिरफ्तार किए गए सटोरियों में आठ झारखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार तथा मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के साथ ही बीएनएस की धारा 318(4), 61(2), 112(2) तथा अलग से 25 (सी) के तहत कार्रवाई की है। मेट्रो सिटी में पकड़े जाने से बचने सटोरियों ने इस बार पूर्वोत्तर के राज्य को ठिकाना बनाया और रिमोट एरिया में मकान किराए पर लेकर सट्टा संचालित कर रहे थे।

मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने बताया है कि ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के आरोप में कोलकाता से बिलासपुर निवासी पंकज वासवानी, रायपुर निवासी रवि सजनानी, बिहार, दरभंगा निवासी रोशन कुमार ठाकुर, बिलासपुर निवासी प्रतीक ▶▶|शेष पेज 13 पर



### पांच सौ बैंक अकाउंट से लेन-देन

पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालन करने के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके द्वारा पुलिस को अलग-अलग बैंक के पांच सौ अकाउंट से सट्टे की रकम के लेन-देन करने की जानकारी मिली है। सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने 94 एटीएम, अलग-अलग बैंक की 32 पासबुक के साथ भारी संख्या में मोबाइल, सिम कार्ड लैपटॉप जब्त किया है।

### ईवेंट आर्गेनाइजर बनकर किराए पर लिए मकान

पुलिस ने जिन लोगों को सट्टा संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, उन लोगों ने कोलकाता तथा गुवाहाटी में ईवेंट आर्गेनाइजर कंपनी संचालित करने का झांसा देकर मकान किराए पर लिया था। सटोरियों को पकड़ने पुलिस ने विजिटर बनकर उनके ठिकानों पर दबिश दी।

### पूर्वोत्तर के राज्य को इसलिए बनाया ठिकाना

गोवा के साथ बड़ी मेट्रो सिटी में सटोरिये आए दिन दबोचे जा रहे हैं। इसीलिए सटोरियों ने इस बार कोलकाता के साथ असम में रिमोट एरिया में मकान किराए पर लेकर सट्टा संचालित करने का निर्णय लिया। पुलिस उन तक नहीं पहुंच पाए, इसलिए सटोरियों ने दोनों जगहों पर मुस्लिम बहुल इलाके में तंग गलियों में मकान किराए पर लिया था।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया ट्रक



**रायपुर।** दूसरे राज्यों से चोरी होने वाले ट्रकों को छत्तीसगढ़ से फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचने वाले राजेश यदु को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी दुर्ग जिले का रहने वाला है और उस पर 2 करोड़ रुपये कीमती 12 ट्रकों को बेचने का आरोप है। आरोपी ड्रायवरी का काम करता था और पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री की आड़ में फर्जी दस्तावेज के जरिये चोरी के ट्रक खपाता था। सुराग मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की, तो उसने चोरी स्वीकार की। आरोपी की जानकारी के आधार पर उसके अन्य साथियों की खमतराई पुलिस तलाश कर रही है।

बादल छंटने से निकली धूप में तपिश

# सामान्य रहा मौसम का मिजाज पारा कम मगर धूप तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मौसमी तंत्रिकाओं के सक्रिय होने की वजह से बदला मौसम का मिजाज बुधवार को अपनी सामान्य स्थिति में रहा। अधिकतम तापमान कम रहा, मगर बादल छंटने से निकली धूप में तपिश रही। अगले चौबीस घंटे में बड़ा बदलाव नहीं होने और शुक्रवार से तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

बुधवार को रायपुर समेत राज्य के किसी भी इलाके में अंधड़ बारिश की सूचना मौसम विभाग तक नहीं पहुंची। बादल छंटा मगर राज्य का अधिकतम तापमान 39 डिग्री से ऊपर नहीं गया। सुबह आसमान पर छाए बादल छंटे, जिससे धूप की तेजी महसूस हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश के एक-दो स्थानों पर बादल, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना गुरुवार को भी बनी रहेगी। शुक्रवार से आसमान साफ होगा, जिससे तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। इस बात की संभावना भी है कि अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की बढ़ोतरी होगी।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**



## खबर संक्षेप



### आरंग व्यापारी संघ ने की विधायक से भेंट

आरंग। नगर के विभिन्न व्यापारीगण विधायक गुरू खुशवंत साहेब से मुलाकात कर विभिन्न व्यापारीक, सामाजिक, राजनैतिक चर्चा कर व्यापारियो की बैठक व्यवस्था के लिए व्यापारी भवन की मांग प्राथमिकता के साथ रखे। साथ ही केन्द्र सरकार की नीति 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर भी व्यापारियों ने सहमति प्रदान की। इस पर विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने सभी को हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल मे अध्यक्ष सूरज शर्मा, सचिव दिलीप चंद्राकर, कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता, उपाध्यक्ष पंकज शुक्ला, रामधन चंद्राकर, आनंद द्वारकानी, दीपक सोनी, संतोष चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, बिट्ठल साहू, सतीश सोनकर आदि उपस्थित रहे।

### मौत पर धोबी समाज ने दी 5100 की मदद राशि



तरपोंगी। धोबी समाज सड्डू (तरपोंगी) परिक्षेत्र द्वारा श्रद्धांजलि योजना समाज द्वारा लागू की गई है। जिसके तहत मृतक परिवार के सदस्य को श्रद्धांजलि राशि दी जाती है। इसी क्रम में सड्डू निवासी महावीर निर्मलकर की मृत्यु पर धोबी समाज द्वारा 5100 रु की सहयोग राशि दी गई। इस अवसर पर समाज के परिक्षेत्र अध्यक्ष रमेश निर्मलकर, पीला राम निर्मलकर, श्रीचंद निर्मलकर, ललित निर्मलकर, लालजी निर्मलकर, नारायण निर्मलकर, बसावन निर्मलकर, रेवा राम निर्मलकर, हेमचंद निर्मलकर, शोभू निर्मलकर, पुनीत राम निर्मलकर, पुरुषोत्तम रजक, भोजराम निर्मलकर, ईश्वर निर्मलकर शंकर निर्मलकर व समाज के लोग उपस्थित थे।

### मोखला की भागवत में आज आज प्रह्लाद चरित पर चर्चा

आरंग। ग्राम मोखला में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ 15 अप्रैल से कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया है। श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के आयोजक रामानंद चंद्राकर ने बताया कि 17 अप्रैल को प्रहलाद चरित्र, 18 अप्रैल को वामन अवतार राम जन्म कृष्ण जन्म, 19 अप्रैल को नंदोत्सव 56 भोग गोवर्धन लीला, 20 अप्रैल को महारास महोत्सव रुक्मणी विवाह, 21 अप्रैल को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष, 22 अप्रैल को गीता हवन तुलसी वर्षा व भंडारा का आयोजन होगा। श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की कथा वाचक आचार्य श्री कान्हा महाराज भिलाई वाले होंगे। कथा वाचन का समय दोपहर 02 बजे से शमशाद शाम 06 बजे तक ग्राम मोखला में है।

## निधन

### ज्योति शर्मा

**तिल्दा नेवरा।** ओमप्रकाश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति शर्मा (50) का निधन हो गया है। जिनकी अंतिम संस्कारसार्वजनिक मुक्तिधाम नेवरा में अंतिम संस्कार किया गया। वे पत्रकार नरेन्द्र शर्मा, महेन्द्र शर्मा के छोटे भाई की बहू और सुरेंद्र शर्मा, श्याम शर्मा, पवन शर्मा और स्व. विष्णु शर्मा की भाभी थी।

# राजिम रेलवे फाटक के समीप प्रतीक्षालय बनाने व पेयजल सुविधा देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

संबलपुर डिविजन का अंतिम स्टेशन आरंग महानदी होने के कारण यह स्टेशन का कोई पूछ परख नहीं होता।आरंग से अकोली और आरंग राजिम मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक के समीप राहगीरों के लिए प्रतीक्षालय और शीतल पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों को काफी परेशानियां होती है। अकोलीरोड स्थित रेलवे फाटक में एक हैंड पंप है जो लंबे अरसे से बंद पड़ा हुआ है। हैंडपंप के बंद होने से राहगीरों और रेलवे कर्मचारी दोनों को पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। बंद पड़े हैंड पंप के संबंध में राहगीरों एवं रेल कर्मचारी के द्वारा भी शिकायत व जानकारी से अवगत कराया जा चुका है। राहगीरों के लिए चिलचिलाती धूप हो या बरसात किसी भी मौसम में राहगीरों को राहत नहीं मिलता है। डबल रेल लाइन होने से गाड़ियों की संख्या काफी बढ़ गई है।

हर घंटे, तीन चार बार गाडियां क्रासिंग होती है और अधिकतर बार तो एक बार फाटक बंद होने पर दो-तीन गाड़ियां क्रासिंग होती है। स्टेशन से लाकिंग सिस्टम होने के कारण फाटक खुलने में 10 से 20 मीनट तक लग जाता है। लोगों को गर्मी, बरसात, ठंड में गाड़ियां क्रासिंग होने का इंतजार करना पड़ता है। आस-पास कोई छांवदार वृक्ष या प्रतीक्षालय भी नहीं है। जहां रुककर यात्री इंतजार कर सके। रेलवे या स्थानीय नपा प्रशासन भी इस समस्या के निराकरण हेतु गंभीर नहीं है।

### क्रासिंग पर बार-बार फाटक बंद होने से राहगीर हैं परेशान



**मौन हो जाते हैं**

क्षेत्र के विधायक, सांसद, वार्ड पार्षद, अध्यक्ष नपा भी रेल विभाग का कार्यक्षेत्र है। कहकर मौन हो जाते है। राहगीरों ने जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की है कि वे कम से कम रेल विभाग संबलपुर डिविजन के संबंधित अधिकारियों को पत्राचार कर इस समस्या से अवगत करावे। वहीं नगर के स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने रेलवे फाटक के समीप शीघ्र यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कराने रेलवे प्रशासन से मांग की है।

## हड़ताल : सरकार की हठधर्मी से अनशनरत सचिव की हुई मौत

# सचिवों की हड़ताल से पंचायतों में विकास कार्य ठप, कई सरपंच कार्यभार से हैं वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

प्रदेशभर में पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर अब ग्राम विकास पर सीधा नजर आने लगा है। कई पंचायतों में हाल ही में चुने गए नवनिर्वाचित सरपंचों को अब तक चार्ज नहीं दिया गया है, जिससे पंचायत स्तर पर कोई भी प्रशासनिक कार्यवाही नहीं हो पा रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं और सरपंचों के साथ-साथ आम ग्रामीणों में भी भारी नाराजगी देखी जा रही है। जनपद पंचायत आरंग के कई ग्राम पंचायतों में नवचयनित सरपंचों को शपथ लेने के बावजूद अब तक औपचारिक रूप से कार्यभार नहीं सौंपा गया है। इसकी मुख्य वजह पंचायत सचिवों की हड़ताल बताई जा रही है, जो अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। सरपंचों का कहना है कि वे गांव की तरक्की के लिए जो योजनाएं बनाना चाहते हैं, वे सचिवों के सहयोग के बिना संभव नहीं हैं। सिर्फ विकास योजनाएं ही नहीं, ग्रामीणों के मूलभूत कार्य जैसे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नरेगा जॉब कार्ड, मजदूरी भुगतान, पेंशन आवेदन, राशन संबंधित कार्य भी पूरी तरह ठप हैं। इससे आम लोगों की परेशानियाँ दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। कई जगहों पर तो ग्रामीणों ने पंचायत भवनों पर जाकर धरना देने तक की चेतावनी दी है। नवनिर्वाचित सरपंचों ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि वे जल्द से जल्द चार्ज सौंपने की प्रक्रिया पूरी करवाएं और सचिवों की हड़ताल को समाप्त कराने की दिशा में ठोस पहल करें। उनका कहना है कि जब तक पंचायत सचिव काम पर नहीं लौटते, तब तक किसी भी योजना का क्रियान्वयन नहीं हो सकेगा।

इस पूरे घटनाक्रम पर जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस बयान नहीं आया है, जिससे असमंजस और बढ़ गया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की मांग है कि राज्य सरकार सचिवों की मांगों पर विचार करे और जल्द समाधान निकाले ताकि ग्राम पंचायतों में फिर से विकास की गाड़ी चल सके। पंचायत सचिवों की हड़ताल न सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था को प्रभावित कर रही है, बल्कि ग्रामीण विकास को भी गहरे संकट में डाल रही है। यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो इसका व्यापक असर आने वाले समय में पंचायतों की कार्यक्षमता पर पड़ेगा।

### अनशन के दौरान सचिव की मौत, संघ का आंदोलन जारी



*आरंग। ग्राम पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आव्हान पर 30वे दिन जनपद पंचायत आरंग में संघ का धरना प्रदर्शन जारी है। ज्ञात हो की आमरन अनशन के दौरान जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत कुटेलामुडा (कोरबा) के 54 वर्षीय सचिव राजकुमार कश्यप का हार्ट अटैक से आकस्मिक मृत्यु हो गया। सचिवों ने इसका दोषी छ.ग. के विष्णु देव सरकार के अडियल रवैया को माना है। संघ की मांग केवल 1995 से नियुक्त सचिव साथियों के शासकीयकरण की है। संघ के सदस्यो द्वारा मृतक परिवार को 1 करोड रुपये अनुदान दिए जाने की मांग की गई। सभी सचिवों द्वारा मौन धारण कर मृतक को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान घनश्याम दास घिदौड़े, हरमोहन बांधे, जोहत धीवर, दाऊलाल धीवर, कल्याण डहरिया, मोहन, रामाधार, कुलेश्वर, पीकेश, दिलीप, पुष्पा, अंजू, रेखा, ईश्वरी, भानु आदि उपस्थित रहे।*

# मानव के कल्याण के लिए भगवान लेते हैं अवतार : पं. रमणबिहारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

- मानव संस्कारित करते हैं प्रभु श्री राम की बाल लीलाएं

समीपस्थ ग्राम सरोरा में अखिल भारतीय आध्यात्मिक उत्थान मंडल, शाखा-सरोरा (गोसदन). के तत्वाधान में आयोजित श्री रामकथा में वृन्दावन धाम से पधारे कथा व्यास ब्रज रस प्रवाहक श्री रमण बिहारी शरण जी महराज ने रामचरित मानस क्री तीसरे दिन क्री कथा में भगवान श्री राम जी के बाल लीलाओ का बखान करते हुए वृन्दावन धाम ने भगवान के अवतरण के विभिन्न प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान यूं ही नहीं आए हैं। कालखंड के विभिन्न कल्पों में मानवीय जीवन के कल्याण के लिए प्रभु के अवतरण की अनिवार्यता सिद्ध करने को मनुष्य तन धरा है। बालपन की तमाम लीलाये उस मानवीय संकटों को दूर करने में लगाया, जो आम जीवन को उद्देश्य पूर्ण बनाता है। चौपाई प्राप्त काल उठि कै रघुनाथ। मात पिता गुरु नावहिं माथा।। गुरु गृह गए पढ़न रघुराई। अल्प काल विद्या सब आई।। दो पंक्तियां आज भी सनातन संस्कृति व संस्कार का परिचायक बना है। हर सनातनी इसे अपने और अपने संतति के जीवन में अपनाने की सीख देते हैं, यह जीवन को संयमित और संस्कारित करता है। भगवान श्री बाल लीला करते हुए, माता कौशल्या को अपना विराट स्वरूप का दर्शन कराया और कृपा की, दोहा ₹देखरावा मातहि निज अद्भुत रूप अखंड रोम-रोम प्रति लागे कोटि-कोटि ब्रह्मांड

भगवान के बाल लीला के उपरांत एक समय आया जब चारों भाई पंद्रह वर्ष के हो गए उपरांत विश्वामित्र जी महाराज का अयोध्या धाम में आगमन हुआ महाराज दशरथ विप्रो के साथ वेद ध्वनि के साथ विश्वामित्र जी महाराज का स्वागत किया। विश्वामित्र जी महाराज के जीवन में एक कष्ट हे जब यह यज्ञ पूजन हवन करते हैं। तब उपद्रवी मारीच सुबाहु रावण के दूत इनके यज्ञ में आकर के यज्ञ का विध्वंस कर देते हैं जब किसी को चिंता नहीं हुई सभी संसार वाले आंख बंद कर लिए तब एक संत जगा। विश्वामित्र महाराज ने नेत्र बंद करके देखा जब ध्यान करके देखा अयोध्या में भगवान राम चार स्वरूप में प्रगट हो गए हैं चारों भाई का अवतार हो चुका है महाराज दशरथ से राम और लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए अपने आप को सनाथ करने के लिए राक्षसों के उद्धार हेतु भगवान राम और लक्ष्मण को महाराज दशरथ से याचना करी संत का स्वभाव है।

# सांसद अग्रवाल से ब्राह्मण समाज ने मुलाकात की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

श्री परशुराम पुरोहित परिषद के संस्थापक राजपुरोहित अविनाश शर्मा एवं परिषद के अध्यक्ष पं. ध्रुव नारायण शुक्ला ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्हें परिषद का गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर परंपरागत रूप से स्वागत किया गया। भेंटवार्ता के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पुरोहित एवं ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए मंडल आयोग के गठन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने समाज के शिक्षित युवाओं को सरकार की योजनाओं से जोड़ने, पुजारियों के आर्थिक सशक्तिकरण तथा मंदिरों में पारदर्शी नियुक्तियों जैसी मांगों को भी सामने रखा। सांसद अग्रवाल ने परिषद की पहल की सराहना करते हुए कहा कि "ब्राह्मण समाज को केवल धार्मिक कार्यों तक सीमित न रहकर सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।" उन्होंने आश्वस्त किया कि ब्राह्मणों एवं पुरोहितों के कल्याण हेतु यथासंभव प्रयास किए जाएंगे। परिषद की इस पहल को समाज में सकारात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है और ब्राह्मण समाज में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में

### भारी वाहनों के मेटनेंस की जानकारी दी गई

**तिल्दा नेवरा।** 16 अप्रैल को अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र बैकुंठ के लॉजिस्टिक विभाग और टाटा मोटर्स के संयुक्त तत्वाधान में संयंत्र लॉजिस्टिक प्रमुख श्री सोमदत्त कठवार के नेतृत्व में भारी वाहन संचालन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भारी वाहनों के उचित रखरखाव,डेली मेंटनेंस और सर्विस से संबंधी जानकारी टाटा मोटर्स के इंजीनियरों के द्वारा वाहन चालकों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र बैकुंठ के ट्रक यार्ड परिसर में किया गया, जिसमें वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से एनिमेशन के द्वारा वाहनों की कार्य प्रणाली को समझाने के सांथ-सांथ प्रायोगिक रूप से यार्ड में खड़े वाहन का जांच करके भी दिखाया। कार्यक्रम के दौरान वाहन व वाहन संचालन संबंधी परिचर्चा में वाहन का नियमित रखरखाव, बीएस 6 मॉडल की विस्तृत जानकारी, ओवर रनिंग व इसके परिणाम, डीपीएफ का रिजनरेशन और एडब्यूल का प्रयोग।




# परसतराई स्कूल की स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम घोषित, बेटियों ने फिर बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



दाऊ पोषन लाल शासकीय हाई स्कूल परसतराई में आज स्थानीय कक्षा 09वीं और 11वीं का परिणाम शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री हेमन्त वर्मा और प्रभारी प्राचार्य श्री पिला राम साहू की गरिमामय उपस्थिति में घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ और उनके अभिभावक उपस्थित थे। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राओं के चेहरे पर अपनी मेहनत का फल देखकर खुशी झलक रही थी। इस बार के परिणाम में बेटियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

**इस प्रकार रहे परिणाम:** कक्षा 11वीं के परिणाम में कु. नैणसी ठाकुर ने गणित विषय में सर्वाधिक 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया वही द्वितीय कु संतोषी साहू विज्ञान 86.8%, प्रतिशत,तृतीय स्थान पर कु हेमा यादव कृषि संकाय 86.6% वही कक्षा 09 में कु तुलसी साहू 89.16 % द्वितीय कु दुर्गा साहू 82.50 %,तृतीय कु दुर्गा निषाद 71.16 % के साथ उतीर्ण हुए है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अन्य विषयों में भी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि विद्यालय में बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री हेमन्त वर्मा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय का यह उत्कृष्ट परिणाम शिक्षकों के अथक प्रयास और छात्रों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रभारी प्राचार्य श्री पिला राम साहू ने परिणाम की घोषणा करते हुए सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहेगा। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षकगण ने भी अपने विचार व्यक्त किए और छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। परिणाम घोषित होने के बाद छात्रों ने अपने शिक्षकों और अभिभावकों से आशीर्वाद लिया और अपनी सफलता का जश्न मनाया। कुल मिलाकर, दाऊ पोषन लाल शासकीय हाई स्कूल परसतराई का कक्षा 09वीं और 11वीं का परिणाम उत्साहवर्धक रहा।

# नवा रायपुर में बनेगी नई तहसील, मंदिर हसौद, आरंग, अभनपुर और नवापारा के हिस्से होंगे शामिल

## नवा रायपुर के पास नया विहार बनाने की तैयारी भी, कमल विहार की तरह योजना बन रही है यहां के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की नई राजधानी नवा रायपुर अटल नगर में मंदिर हसौद, आरंग, अभनपुर और गोबरा नवापारा के हिस्सों को जोड़कर एक नई तहसील बनाने की तैयारी है। बताया गया है कि इस संबंध में राजस्व विभाग ने एक प्रस्ताव तैयार किया है। यह प्रस्ताव अभी विचाराधीन है। दूसरी ओर नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ग्राम बरौंदा, रमचंडी, रीको, मंदिर हसौद, सेरीखेड़ी और नकटी गांव की 436 हेक्टेयर जमीन पर नया विहार बनाने की तैयारी में है। यह उसी तरह होगा जैसा कि सरकार ने पूर्व में रायपुर में कमल विहार बनाया था, अब यह कौशल्या विहार के नाम से जाना जाता है।

नवा रायपुर में नई तहसील बनने के बाद इस पूरे क्षेत्र के राजस्व संबंधी प्रकरणों का निपटारा इसी तहसील से हो जाएगा। दरअसल नवा रायपुर के आसपास की चार तहसीलों के सीमावर्ती हिस्से नवा रायपुर से लगते हैं, लेकिन राजस्व संबंधी मामलों की सुनवाई अलग-अलग तहसीलों में होती है। इस स्थिति को देखते हुए नवा रायपुर में नई तहसील बनाने का प्रस्ताव है।

### अब नया विहार बनाने की तैयारी भी

नवा रायपुर में नया विहार के नाम से नया शहर बनाने की तैयारी है। इस संबंध में आवास एवं पर्यावरण विभाग ने एक नई अधिसूचना का प्रकाशन भी कराया है। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण ने ग्राम बरौंदा, रमचंडी, रीको, मंदिर हसौद, ग्राम सेरीखेड़ी और नकटी में 436 हेक्टेयर से अधिक भूमि के लिए नगर विकास योजना का प्रारूप तैयार किया है। इस प्रारूप का प्रकाशन किया गया है। इसे पूर्व में जारी नगर विकास योजना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर



प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर विचार करने के बाद तैयार किया गया है। खास बात ये है कि इसी अधिसूचना में कहा गया है कि अधिसूचना में प्रकाशित भूखंड़ो की सूची को भू-स्वामित्व या भू-अभिलखों के रूप में सत्यापन नहीं माना जाएगा। जो कि छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व विभाग के अपडेटेड भू-अभिलेखों के अनुसार सत्यापन के अधीन होगा। योजना को अंतिम रूप देने के बाद अंतिम भूखंड़ो का आवंटन और उसके बाद अंतिम भूखंड़ो का कब्जा भूस्वामी के अपडेटेड और प्रमाणित भू-स्वामित्व अभिलेखों के उचित सत्यापन के बाद किया जाएगा।

### ये है नया विहार की योजना

कुछ साल पहले रायपुर के समीप जिस तरह कमल विहार(अब कौशल्या विहार) बनाया गया था, ठीक वैसे ही यह नया विहार बनाने की योजना है। इसमें किसानों की जमीनें ली जाएंगी और उन्हें विकसित कर उसका एक हिस्सा किसान को ही दिया जाएगा। इसके लिए करीबन आधा दर्जन गांवों की 436 हेक्टेयर यानी करीब 1100 एकड़ से ज्यादा जमीन ली जाएगी। जिन लोगों की जमीन ली जाएगी, बदले में उन्हें 30-40 फीसदी विकसित प्लॉट देते हुए शेष जमीन आम लोगों को बेची जाएगी। नया विहार में आवासीय, कमर्शियल, चिकित्सा और शिक्षा के लिए भी जमीन रिजर्व की जाएगी। जरूरतमंद लोग और संस्था अपनी जरूरतों के अनुसार जमीन की खरीदी कर सकेंगे। योजना को नवा रायपुर के मास्टर प्लान के अनुसार ही डेवलप किया जाएगा। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने प्रारूप तैयार कर लिया है। इसमें वो सभी सुविधाएं होंगी जो नए शहर में होनी चाहिए है। अंडरग्राउंड बिजली वायर, सीवरेज प्लांट, चौड़ी सड़कें, वाई-फाई, घरों में पाइपलाइन से एलपीजी की सप्लाई समेत सुविधाएं होंगी। यह योजना ग्राम बरौदा, रमचंडी, रीको, मंदिरहसौद तहसील, आरंग, सेरीखेड़ी, नकटी के तहत कुल 436.0152 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित की जा रही है। ।

## खबर संक्षेप

### डबल इंजन की सरकार फेल, धान नीलामी से 7 हजार करोड़ का नुकसान

रायपुर। प्रदेश मे राज्य सरकार धान नीलामी करने जा रही है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कुल 149 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गयी है। भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल में इस पूरे धान का चावल नहीं लिये जाने के कारण 35 लाख मीट्रिक टन धान का विक्रय नीलामी के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। इससे लगभग 7 हजार करोड़ रुपये की क्षति राज्य सरकार को होने की संभावना है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की योजना भारत सरकार की योजना है और राज्य सरकार द्वारा केंद्र की एजेंसी के रूप में धान उपार्जन का कार्य किया जाता है। इसीलिए केन्द्र सरकार को चाहिए सम्पूर्ण सरप्लस धान का चावल केन्द्रीय पूल में ले। पंजाब में इसी सीजन में कुल 172 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन हुआ है। सम्पूर्ण धान का चावल केन्द्रीय पूल में लिया जा रहा है। पंजाब में तो भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार भी नहीं है। छग में डबल इंजन सरकार होने के बाद भी हमारा पूरा सरप्लस चावल केन्द्रीय पूल में नहीं लिया जाना और 7 हजार करोड़ रुपये की क्षति का अनावश्यक आर्थिक भार राज्य के खजाने पर डालना अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण है।

### मूणत ने किया निर्माणधीन भवन का अवलोकन



रायपुर। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने दानवीर भामाशाह वार्ड स्थित शशिबाला कन्या शाला के निर्माणाधीन भवन का अवलोकन किया। उन्होंने भूतल और प्रथम तल के कार्य 15 जून के पूर्व पूर्ण करने के दिए निर्देश दिए।पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने निगम सभापति सूर्यकांत राठौड़, निगम कमिश्नर विश्वदीप, जोन 1अध्यक्ष गज्जू साहू, दानवीर भामाशाह वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि के साथ शुक्रवारी बाजार में स्कूल के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। स्थल पर कार्य की प्रगति देखकर उसकी समीक्षा की। इस मौके पर अपर कमिश्नर विनोद पांडे, मुख्य अभियंता यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर,जोन 2कमिश्नर डॉक्टर आर.के. डोंगरे, कार्यपालन अभियंता पी. डी. धृतलहरे उपस्थित रहे।

# सीएम साय ने कहा- छत्तीसगढ़ की पीडीएस व्यवस्था पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ

## नॉन के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव का पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार को राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा, अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ पृथक राज्य का निर्माण किया। 2003 में जनादेश के बाद डॉ रमन सिंह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनाए गए, जिनके नेतृत्व में प्रदेश का तेजी से विकास हुआ। मुझे यह बताते हुए गर्व होता है कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में जो पीडीएस व्यवस्था बनाई गई, वह आज पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ पीडीएस व्यवस्था है। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव की प्रशंसा करते हुए कहा, बेहद अनुभवी हैं। रायपुर नगर निगम में सभापति और रायपुर विकास निगम के अध्यक्ष का दायित्व भी उन्होंने निभाया है।





### सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने किया कार्यभार ग्रहण

छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलेपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने आज तेलीबांधा स्थित उद्योग भवन में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में सीएसआईडीसी प्रदेश में औद्योगिक वातावरण के निर्माण में बेहतर कार्य करेगा। राजीव अग्रवाल ने अनेक पदों पर कार्य किये हैं। उनके अनुभवों से उद्योग जगत को एक नई ऊंचाई मिलेगी। राज्य में नई औद्योगिक नीति से प्रदेश का विकास होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्तमान में 4.50 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। राज्य में खनिज, बिजली और पानी की पर्याप्त उपलब्धता से उद्योगों को फलने-फूलने का अवसर मिलेगा। सीएसआईडीसी के नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि राज्य की औद्योगिक नीति विकसित राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

#### ये थे मौजूद

कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री अरुण साव, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक किरण सिंह देव, धरमलाल कौशिक, पुन्नूलाल मोहले, प्रबोध मिंज, अमर अग्रवाल, अनुज शर्मा, सुशांत शुक्ला, राजेश अग्रवाल, पुरंदर मिश्रा, रायपुर महापौर मीनल चौबे, राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, भवन एवं अन्य सन्ननिर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडेय, राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन, राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्रकार, छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज, छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव मौजूद रहे।

### शशांक और नीलू ने किया पदभार ग्रहण



रायपुर। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा और छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के नवनियुक्त अध्यक्ष शशांक शर्मा ने बुधवार शाम 4 बजे राजधानी के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में पदभार ग्रहण किया। दोनों नवनियुक्त अध्यक्ष ने एक ही मंच और एक ही समय में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, साय मंत्रिमंडल के सभी सदस्य और भाजपा पदाधिकारी और निगम मंडल के सदस्य मौजूद थे।

### डॉ. वर्णिका ने लिया छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष का पदभार



रायपुर। वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ी डॉ. वर्णिका शर्मा ने बुधवार को छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग कार्यालय में अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर वनमंत्री केदार कश्यप, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक किरण देव, धरमलाल कौशिक भी उपस्थित थे। उन्होंने डॉ. शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## कांग्रेस ने 10 नगर निगम में तय किए नेता प्रतिपक्ष- उप नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के 10 नगर निगमों में नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष के नाम तय कर दिए हैं। रायपुर नगर निगम में आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। एआईसीसी महासचिव और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के अनुमोदन और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अनुसंशा के बाद यह सूची जारी की गई है। जारी सूची में जिन लोगों को यह जिम्मेदारी मिली है, उनमें चिरमिरी नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष गायत्री बिरहा और उप नेता प्रतिपक्ष मोहम्मद इकराम को बनाया गया है। इसी प्रकार अंबिकापुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सफी अहमद, उप नेता प्रतिपक्ष निम्मन राशि एक्का, रायगढ़ नगर निगम में शेख सलीम नियारिया नेता प्रतिपक्ष, विकास ठेठेवार उप नेता प्रतिपक्ष, कोरबा नगर निगम में कृपा राम साहू नेता प्रतिपक्ष रामागोपाल कुर्रे उप नेता प्रतिपक्ष होंगे। बिलासपुर नगर निगम में भरत कश्यप नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष संतोशी राम बघेल, धमतरी नगर निगम में दीपक सोनकर नेता प्रतिपक्ष, सत्येंद्र देवागन उप नेता प्रतिपक्ष, रायपुर नगर निगम में आकाश तिवारी नेता प्रतिपक्ष, जयश्री नायक उप नेता प्रतिपक्ष, दुर्ग नगर निगम में संजय कोहले नेता प्रतिपक्ष, विजयंत पटेल उप नेता प्रतिपक्ष, राजनांदगांव नगर निगम में संतोष पिल्ले नेता प्रतिपक्ष और मुकेश साहू उप नेता प्रतिपक्ष और लगदलपुर नगर निगम में राजेश चौधरी नेता प्रतिपक्ष और कोमल सेना को उप नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है।

# निविदा में दोषी पाए गए 108 ठेकेदारों के ईएमडी होंगे राजसात, एक साल के लिए ब्लैकलिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान श्री कश्यप ने कहा, विष्णुदेव साय सरकार भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने 7 जनवरी को आयोजित बैठक में ठेकेदारों के विरुद्ध टेंडर संबंधी शिकायतों पर कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान प्रमुख सचिव और प्रमुख अभियंता को निर्देशित किया है कि जिन ठेकेदारों ने निविदा में भाग लेते समय गलत जानकारी देकर टेंडर लेने का प्रयास किया है, ऐसे लगभग 108 ठेकेदारों के विरुद्ध एक सप्ताह के भीतर ईएमडी राजसात एवं 1 साल के लिए निविदा प्रकिया से बाहर करें। कार्रवाई नहीं जानकरी होने पर उन्होंने प्रमुख अभियंता को एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देशित किया है। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, सरकार की मंशा जल नियोजन की दिशा में बेहतर कार्य करना है। छत्तीसगढ़ प्रदेश का जल प्रबंधन पूरे देश में आदर्श बने इसके लिये हमें कार्य करना है। उन्होंने अधिकारियों*



*से कहा, विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ वे संभाग स्तरीय दौरा कर किये जा रहे कार्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन भी करेंगे। उन्होंने कहा, बस्तर संभाग में जल संसाधन विभाग के कार्यों के लिये अनेकों संभावनाएं हैं। वर्तमान में हमारी योजना देऊरगांव और मटनार में स्वीकत हैं, यहां जल्द कार्य प्रारम्भ होंगे। योजना से बस्तर के क्षेत्रवासियों को जल समस्या से राहत मिलेगी और किसानों को भी सिंचाई समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इंद्रावती के जल का समुचित उपयोग होगा। मंत्री ने कहा, वे स्वयं इस योजना और कार्य की मॉनिटरिंग करेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर अंतरराज्यीय जल विवादों को सुलझाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। वे स्वयं समक्का, जोरानाला, पोलावरम का स्थल भ्रमण करेंगे।*

### विधानसभावार 5-5 कार्यों की प्राथमिकता सूची बनाएं

जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, नए वित्तीय वर्ष में प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिये विधानसभावार 5-5 कार्यों की प्राथमिकता सूची स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें। साथ ही विभाग में नये दर अनुसूची 2025 का अनुमोदन आगामी 7-10 दिवस के भीतर करें।

### लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

जल संसाधन मंत्री ने कहा, विभाग के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें। निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित किया जाये, इसमें कोताही बरतने पर संबंधित अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### संभाग स्थरीय उड़नदस्ता टीम

समीक्षा बैठक के दौरान आज मंत्री केदार कश्यप ने कहा, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के निरीक्षण के लिए 3 संभाग स्तरीय उड़नदस्ता की टीम बस्तर संभाग, रायपुर-दुर्ग संभाग एवं बिलासपुर-सरगुजा संभाग में सुशासन तिहार के मध्य में निरीक्षण किये जाने तत्काल गठित किया जाए। उन्होंने कहा, निर्माण कार्यों में अब मुख्य अभियंता 5 प्रतिशत कार्यों का और अधीक्षण अभियंता 10 प्रतिशत कार्यों का एवं कार्यपालन अभियंता 100 प्रतिशत कार्यों का अलग-अलग निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

# सार्वजनिक शौचालय साफ सर्वसुविधायुक्त होंगे मरम्मत व मेंटेनेंस के लिए जारी हुए 57.70 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव की पहल पर शहरों में स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराने तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने 57 करोड़ 70 लाख रुपए जारी किए गए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने स्वच्छ एवं सर्वसुविधायुक्त शौचालयों के लिए 144 नगरीय निकायों को 42 करोड़ 58 लाख रुपए जारी किए हैं।

इस राशि से 1389 शौचालयों की मरम्मत की जाएगी। इसके साथ ही स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव एवं संधारण के लिए 15 करोड़ 12 लाख रुपए भी मंजूर किए गए हैं। इस राशि से सामुदायिक शौचालयों के उन्नयन के कार्य किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव के निर्देश पर नगरीय



निकायों में स्वच्छता अभियान की गति को और तेज करने, कचरा डिस्पोजल की व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नागरिकों को स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराने तथा उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करने विभिन्न मदों से राशि जारी की गई है। इस राशि से शौचालयों की मरम्मत, सफाई तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के काम प्राथमिकता से किए जाएंगे।

### खुले में कचरा फेंकने पर दंड

श्री साव ने बताया कि नगरीय निकायों के सार्वजनिक स्थलों जैसे बाजार, बस स्टैंड, चौक-चौराहे एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में मिशन मोड पर स्वच्छता लक्षित इकाइयों का चिन्हांकन कर स्वच्छता के कार्य किए जा रहे हैं। अब तक ऐसे 550 से अधिक स्थानों को सीटीयू या जीवीपी के रूप में चिन्हित कर स्वच्छ किया जा चुका है। इन स्थलों पर खुले में कचरा फेंकने या दोबारा गंदगी करने वालों के लिए दंड का प्रावधान भी किया गया है। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने भी नगरीय निकायों के आयुक्तों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को नागरिकों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।

We Care Today... Tomorrow... for Life
वी केयर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
धन्यवाद 9th Anniversary छत्तीसगढ़!
विश्वसनीय हेल्थकेयर के रूप में निरन्तर अग्रसर
हम मना रहे हैं, अपनी 9वीं वर्षगांठ...
NABH PRE ACCREDITED



▶ ट्रॉमा, एक्सीडेंट, आपातकालीन विभाग
▶ एडवांस आर्थोपेडिक विभाग
▶ घुटना, कूल्हा एवं जोड़ प्रत्यारोपण
▶ न्यूरो एवं स्पाईन सर्जरी
▶ न्यूरोलॉजी विभाग
▶ यूरोलॉजी एवं स्टोन क्लीनिक
▶ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
▶ जनरल मेडिसीन
▶ बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी
▶ स्त्री एवं प्रसूति विभाग
▶ श्वास एवं छाती रोग
▶ मिनिमल एक्सेस सर्जरी विभाग
▶ आईसीयू एवं क्रिटिकल केयर
▶ डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
कोल इंडिया लिमिटेड (SECL), केंद्र सरकार (CGHS), Railway (SECR), FCI, DRDO, ONGC, CSPDCL, आर्म्ड फोर्स (CAPF, CRPF इत्यादि) के कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त के CASHLESS ईलाज की सुविधा उपलब्ध।
*T&C APPLY
सभी प्रमुख बीमा कंपनियों एवं TPA से CASHLESS ईलाज की सुविधा उपलब्ध
BSKY (BIJU कार्ड) से निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध
राज्य सरकार के कर्मचारियों के ईलाज के लिए मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल
ADITYA ADVT.
जी.टी.बी. प्लॉजा, एयरटेल ऑफिस के पास, रिंग रोड नं. 1, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
Emergency No. : +91 91091 78901 | 0771 - 4024901
Web. : www.wecarehospitalraipur.com | Emial : wecarehospitals@gmail.com

## खबर संक्षेप



### सतबहिनिया और कटोरातालाब होगा जलकुंभी मुक्त

**रायपुर।** राजधानी के सतबहिनिया और कटोरातालाब को जलकुंभी मुक्त कर तालाब सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। सरोवर धरोहर को संरक्षित करने जोन 3 के अधिकारियों को प्रस्ताव बनाकर कार्य करने निर्देशित किया गया है। निगम आयुक्त विश्वदीप और एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी ने बुधवार को स्थल निरीक्षण कर जलकुंभी सफाई कराने हिदायत दी है। पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड का निगम आयुक्त ने एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी के साथ निरीक्षण किया। निगम कमिश्नर ने वार्ड पार्षद और एमआईसी सदस्य की मांग पर सतबहिनिया तालाब और कटोरातालाब से जलकुंभी हटाने और तालाब सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव जल्द तैयार करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। निगम आयुक्त ने कुंदरापारा में जर्जर शौचालय में आवश्यक सुधार और मरम्मत का कार्य करवाने तथा अरविंद नगर के सामुदायिक भवन में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कर प्रथम तल का निर्माण शीघ्र करवाने निर्देशित किया।

### पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का वादा भूली सरकार

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में पंचायत सचिवों की भूख हड़ताल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि पिछले विधानसभा चुनाव के समय मोदी गारंटी में भाजपा ने इन पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का वादा किया था। सरकार बनने के लगभग डेढ़ साल बाद भी सरकार को इनकी सुध नहीं है। आज भूख हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिव की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह पाली जनपद के ग्राम पंचायत कुटेला मुंडा में पदस्थ थे और 9 अप्रैल से ब्लॉक मुख्यालय में भूख हड़ताल पर थे। अपनी मांगों को लेकर 17 मार्च से पंचायत सचिव हड़ताल पर हैं। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ पंचायत सचिवों के साथ खड़ी है और यदि इनकी मांगे पूरी नहीं होती तो पार्टी इसके लिए जल्द ही बड़ा आंदोलन करेगी।

# पीपल की डाल काटने की सजा भुगत रहा एक परिवार, 7 साल से बहिस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोई गांव या किसी समाज द्वारा किसी व्यक्ति या परिवार को गांव या समाज से बहिस्कार किए जाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे प्रकरण में बहिष्कार किए जाने के कई छोटे-बड़े कारण भी होते हैं, लेकिन कभी सुना न ही देखा कि किसी परिवार का समाज ने सिर्फ इसलिए बहिष्कार कर दिया है कि उसके परिवार के सदस्य ने अपने घर के ऊपर से गुजरे पीपल पेड़ की एक डंगाल को काटा है।

पड़ोसी व्यक्ति की शिकायत के बाद समाज के लोगों ने पहले परिवार पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड लगाने की सजा सुनाई। परिवार ने जब अर्थदंड की राशि देने से इनकार कर दिया तो समाज ने परिवार का ही बहिष्कार कर दिया। पीड़ित परिवार पिछले सात वर्षों से बिना किसी गलती के समाज से बहिष्कृत किए जाने की सजा भोग रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग अब इस परिवार को जल्द ही न्याय दिलाएगा। इसके लिए आयोग की टीम गांव जाएगी और समाज के सामने बहिष्कार को समाप्त कराएगी।

*परिवार की शिकायत पर आयोग ने की सुनवाई : ग्राम जुलूम-टेकारी में रहने वाले साहू परिवार की एक महिला ने महिला आयोग में शिकायत की थी कि उसके परिवार को समाज के लोगों ने बहिष्कार किया हुआ है। यह बहिष्कार वर्ष 2018 में किया गया था, तब से लेकर अब तक परिवार समाज से बहिस्कृत है। महिला ने शिकायत में बताया है कि उसके परिवार को पीपल पेड़ की एक डंगाल काटने के कारण समाज ने बहिष्कार किया है। पीपल पेड़ की डंगाल पीड़ित परिवार के साथ उसके पड़ोस में रहने वाले परिवार के घर की छत के ऊपर लटकी हुई थी। यह डंगाल पूरी तरह सूख चुकी थी, जो कभी भी घर की छत पर गिर सकती थी। इससे घर को नुकसान होने की संभावना बनी हुई थी। इसे देखते हुए पीड़ित परिवार ने डंगाल को काट दिया। इस बात पर पड़ोसी परिवार ने आपत्ति जताई और समाज में इसकी शिकायत की। इसके बाद समाज ने परिवार पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया, लेकिन परिवार ने यह राशि देने से इनकार कर दिया। इसके बाद समाज के लोगों ने परिवार को ही समाज से बहिस्कृत कर दिया। इसके बाद से परिवार समाज से बहिस्कृत है।*




- छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने प्रकरण में की सुनवाई
- गांव में समाज के समक्ष परिवार का बहिस्कार समाप्त कराएगी आयोग की टीम

### आयोग की समझाइश पर समाज के लोग बहिष्कार समाप्त करने हुए तैयार

इस प्रकरण में समाज के आधा दर्जन से अधिक प्रमुख लोगों को आरोपी बनाया गया है। आयोग की सुनवाई में समाज के सभी प्रमुख लोगों को उपस्थित होने के लिए कहा गया था। आयोग ने इस दौरान सभी समाज प्रमुखों को समझाइश दी कि समाज से बहिष्कार किया जाना गलत है तथा अपराध की श्रेणी में आता है, इसलिए वे बहिष्कार समाप्त कर परिवार को समाज में वापस लें। आयोग की समझाइश पर समाज प्रमुखों ने अपनी गलती मानते हुए परिवार को समाज में शामिल करने की सहमति जताई। आयोग की टीम अब इस मामले में परिवार को उसके गांव में जाकर समाज के समक्ष बहिष्कार समाप्त कराएगी। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया, ओजस्वी मंडावी ने बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के रायपुर कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान कई प्रकरणों पर सुनवाई की गई।

## केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर बरसे कांग्रेस नेता

# सोनिया-राहुल के खिलाफ ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी ने धरना प्रदर्शन रखा। यह प्रदर्शन प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय के पास राजीव गांधी चौक पर किया गया।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय ने पहली चार्जशीट दाखिल की, जिसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। 12 अप्रैल को जांच के दौरान कुर्क संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। ईडी ने दिल्ली, लखनऊ और मुंबई में 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया था। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार तानाशाही रवैये पर उतर गई है। ईडी पर दबाव बनाकर विपक्ष के नेताओं की आवाज को दबाने का कार्य कर रही है। कांग्रेस के कार्यकर्ता उसकी इस तानाशाही से डरने वाले नहीं।

### हम झुकेंगे नहीं- भूपेश

प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा, पूरा देश जानता है कि गांधी परिवार ने इस देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। देश के लिए अपनी संपत्ति को दान में देने वाले परिवार के विरुद्ध षड्यंत्र करना एक घिनौना कार्य है। मोदी सरकार जितनी भी कोशिश कर ले, हम झुकेंगे नहीं। हम गांधी के अनुयाई हैं, सत्य के पथ पर बढ़ते रहेंगे।



### झूठे षड्यंत्र रच रही भाजाप- सिंहदेव

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, भाजपा के दबाव में आकर ईडी द्वारा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई और चार्जशीट दायर करने की जितनी निंदा की जाए कम है। गांधी परिवार ने सदा देशहित में कार्य किए हैं। कुंठित मानसिकता से भरी भाजपा गांधी परिवार के त्याग, संघर्ष और ईमानदारी को दरकिनार कर उनके खिलाफ झूठे षडयंत्र रच रही है।

### यह भाजपा की खीझ- बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ईडी सत्ता की गुलाम बन चुकी है, इसे भंग कर दिया जाना चाहिये। सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट मोदी के डर को दिखाती है। जिस मुखरता से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मोदी सरकार को लगातार कटघरे में खड़ा कर रहे हैं, जनता की आवाज उठा रहे हैं, उससे घबरा कर मोदी सरकार ने ईडी के माध्यम से यह षड़यंत्र रचा है।

### ये थे मौजूद

इस प्रदर्शन में पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, विकास उपाध्याय, अनीता शर्मा, छाया वर्मा, गिरीश दुबे, उधोराम वर्मा, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दुबे, ऐजाज ढेबर, सन्नी अग्रवाल, आकाश शर्मा, मदन तालेड़ा, शिव सिंह ठाकुर, अरुण ताम्रकार, नंदलाल देवांगन, ममता राय, धनंजय ठाकुर, सुरेंद्र वर्मा, विनोद तिवारी, पंकज मिश्रा, सुमित दास, नवीन चंद्राकर, प्रशांत ठेंगड़ी, दीपा बग्गा, सुरेश ठाकुर, श्रीकुमार मेनन, सतनाम पनाग, जी. श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, कोमल साहू, डोमन साहू, पप्पू राजेंद्र बंजारे, अमित शर्मा, अंकित वर्मा, भावेश बघेल, डीकेन सिन्हा, सजल चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, कमलेश नथवानी, अनिल रायचुरा, मोहसिन ख़ान, माधव छुरा, उत्तम साहू, संगीता दुबे, पद्मा कहार, आशा चौहान, सुयश शर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### साव का सवाल- गांधी परिवार हजारों करोड़ की संपत्ति का मालिक कैसे बना, दें जवाब



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बुधवार को कहा, नेशनल हेराल्ड के मामले में प्रवर्तन निदेशालय विधि सम्मत कार्रवाई कर रहा है। कांग्रेस ने अब धरना प्रदर्शन को अपराध संरक्षण का हथियार बना लिया है, पर यह नहीं भूला जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं और धरनों से ईडी पर दबाव नहीं पड़ेगा। मामले को लेकर कांग्रेस एक बार फिर धरना-आंदोलन करके दबाव बनाने का प्रपंच रच रही है। भारतीय जनता पार्टी मांग करती है कि इस मामले की गहन जांच हो और कानून को अपना काम करने दिया जाए। पत्रकार वार्ता में उप मुख्यमंत्री ने बताया कि नेशनल हेराल्ड की स्थापना 1937 में हुई, तब इसके 5000 शेयर होल्डर थे। इनमें पूर्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से लेकर पूर्व आंदोलन के नेता, जो बाद में मुख्यमंत्री रहे, वे भी थे। यानी, इसके शेयर नेहरू खानदान की जागीर कभी नहीं रहे। आगे चलकर 2008 में नेशनल हेराल्ड का पब्लिकेशन बंद हो गया। नेशनल हेराल्ड का संचालन करने वाली एसोसिएटेड जनरल लिमिटेड को कांग्रेस पार्टी ने 90 करोड़ रुपए का लोन दिया। यहां तथ्य यह है कि कोई भी राजनीतिक दल अपना पार्टी फंड किसी कंपनी को नहीं दे सकता। हैरत की बात तो यह है कि बाद में नेशनल हेराल्ड ने कांग्रेस को 90 करोड़ का लोन चुकाने से मना कर दिया। इसके बाद यंग इण्डिया नामक कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी के 38-38 प्रतिशत शेयर थे और बाकी शेयर मोती लाल वोरा व ऑस्कर फर्नांडिस आदि अन्य के नाम पर थे।

*ईडी ने रिपोर्ट फाइल की है*
*ईडी ने इस मामले की जांच की और कांग्रेस के कई नेताओं से पूछताछ की थी। इसमें कांग्रेस के स्व. मोतीलाल वोरा, पवन बंसल, सोनिया गांधी और राहुल गांधी शामिल हैं। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जांच की और अपनी रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल की। कोर्ट ने 21 और 25 अप्रैल 2025 को सुनवाई की तारीख तय की है। ईडी ने जांच करके सेक्शन 8 के तहत रिपोर्ट फाइल की है।*

*जमानत पर हैं सोनिया-राहुल : पत्रकार वार्ता में उप मुख्यमंत्री ने पूछा कि यंग इण्डिया नॉन-प्रॉफिटेबल चैरिटेबल कंपनी है। अब इन्होंने चैरिटी के क्या काम किए, यह आज तक किसी को नहीं मालूम। इस प्रकार बहुत व्यवस्थित तरीके से सार्वजनिक संपति को निजी संपति बना लिया गया। इस घोटाले पर पहले शिकायत हुई, फिर मामले को ईडी ने लिया और जांच प्रारंभ की। सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने पूरे मामले को रद्द करने के लिए कोर्ट में आवेदन लगाया। नेशनल हेराल्ड मामले को गांधी परिवार ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इन मामलों में उन्हें सिर्फ जमानत मिली है और व्यक्तिगत उपस्थिति के मामले में छूट मिली है।*

# दिव्यांश की मौत के बाद जागा निगम, 28 स्थानों पर खुले चैंबर को किया बंद

- गुलमोहर पार्क पीएमवाय कालोनी में आकस्मिक दुर्घटना के बाद गड्ढा पाटने अभियान
- वाल्मिकी नगर योजना के 16 खुले चैंबर को किया कवर्ड, सरोना बीएसयूपी के 7 चैंबर शामिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के रामनगर क्षेत्र स्थित गुलमोहर पार्क पीएमवाय आवासीय कालोनी में नगर निगम द्वारा सीवरेज के गंदे पानी की निकासी के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरकर 7 साल के मासूम दिव्यांश की असामयिक मौत के बाद निगम प्रशासन की नींद खुली है। खुले चैंबरों को कवर्ड करने अभियान चलाया जा रहा है। इसके दूसरे दिन जोन 8 ने 28 खुले चैंबरों पर सुरक्षा कि लिए ढक्कन लगाए।

जोन 8 की टीम ने पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड में वाल्मिकी नगर योजना क्षेत्र के 16 खुले चैंबर को कवर्ड किया। इसी तरह संत रविदास वार्ड के डिपरापारा बीएसयूपी आवासीय कालोनी में 5 खुले चैंबर, सरोना बीएसयूपी कालोनी में 7 चैंबर, इस तरह 28 खुले चैंबर को सुरक्षा की दृष्टि से कवर्ड किया गया।

### कौशल्या माता विहार के 188 फ्लैट्स का आवंटन होगा निरस्त

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण के कौशल्या माता विहार योजना में करीब एक साल पहले से आवंटित फ्लैट्स की एक भी किस्त जमा नहीं करने वाले आवंटितियों के फ्लैट्स 7 कार्य दिवस के अंदर बकाया राशि जमा नहीं करने पर निरस्त कर दिए जाएंगे। प्राधिकरण ने आवंटितियों को 7 दिन की समय सीमा बकाया किस्त जमा करने अंतिम सूचना जारी कर दी है। दरअसल, प्राधिकरण के माध्यम से आवंटितियों को फोन, एसएमएस तथा डाक से सूचना देने के बाद भी उनके द्वारा पहली किस्त की राशि जमा नहीं की है। ऐसे में आवंटितियों को 7 कार्य दिवस यानी 28 अप्रैल तक संपूर्ण बकाया राशि जमा करने के लिए अंतिम सूचना जारी कर दी है। निर्धारित समय सीमा त राशि जमा नहीं करने पर संबंधित फ्लैट्स का आवटन रद्द कर उसे पुनः विज्ञापन के माध्यम से विक्रय किया जाएगा।

**न्यायालय छ.ग. भाड़ा नियंत्रण अधिकरण पुराना आर.डी.ए. भवन, प्रथम तल, शास्त्री चौक, रायपुर (छ.ग.)**

**अपील के निपटारे के लिए सूचना पत्र**

आदेशिका क्रमांक- 32/08.04.2025
अपील क्र.- अपंजीबद्ध / 2024

**शमसुद्दीन** ..अपीलार्थी
**विरूद्ध**
**मो. असफाक** ..उत्तरवादी
**प्रति,**

**मोहम्मद अशफाक आ. श्री तजम्मुल हुसैन किरायेदार शमसुद्दीन पिता श्री निजामुद्दीन हफीज तार वाले के मकान के बगल में, गाजी नगर, डॉ. भीमराव अम्बेडकर नगर वार्ड बीरगांव, रायपुर (छ.ग.)**

**शमसुद्दीन के विधिक वारिसान श्रीमती आशिया बानो पत्नी स्व. समसुद्दीन एवं अन्य** ने आपके विरूद्ध **आदेश दिनांक 14/03/2024** से क्षुब्ध होकर अपील आवेदन संस्थित किया है। आपको इस अधिकरण में तिथि **06/05/2025** को दिन में **11:00 बजे** अपील आवेदन का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आपको निर्देश दिया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उस दिन उन सब दस्तावेजों को पेश करें जिन पर अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप अथवा अधिकृत अधिवक्ता ऊपर बताई तारीख को इस अधिकरण में उपसंजात नहीं होगें तो अपील आवेदन की सुनवाई और उसकी अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में की जावेंगी।

यह आज तिथि 08/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और अधिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है ।

मुहर
**रजिस्ट्रार**
**छ.ग. भाड़ा नियंत्रण अधिकरण रायपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 05 तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**
// ईश्तहार //
क्रमांक/ 202503111800019/अ-6/2025
धरसींवा, दिनांक 16/04/2025
**ग्राम कुबरेल प.ह.नं. 05, रा.नि.मं. 20 सिलयारी कुरूद, तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि आवेदक श्री खूबचंद डहरिया पिता स्व. जोहन लाल डहरिया निवासी ग्राम कुथरेल तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा नामातरण बाबत आवेदन पत्र पेश किया गया है कि ग्राम कुथरैल प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. रायपुर 20 सिलयारी तहसील धरसीवा जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. **303/4** रकबा **0.1010** हे. भूमि है। आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से दिनांक **24/03/2000** को क्रय कर कब्जा प्राप्त किया है एवं उपरोक्त भूमि पर आज दिनांक तक शांति पूर्वक दाखिल व काबिज है। उक्त भूमि का भूलवश नामांतरण नही कराने के कारण विक्रेता द्वारा आवेदित भूमि को दिनांक **11/07/2016** को झुमुक लाल बघेल को विक्रय कर दिया है जिसके आधार पर झुमुक लाल के द्वारा अभिलेख मे अपना नाम दर्ज करवा लिया है। उक्त भूमि के स्वत्व के संबंध मे प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश रायपुर के समक्ष वद वास्ते उद्घोषणा का प्रस्तुत किया गया था जिस पर माननीय न्यायालय के द्वारा दिनांक **21/10/2024** को आवेदक के पक्ष मे निर्णय देते वादी को आवेदित भूमि खसरा नंबर 303/4 रकबा 0.101 हे पर एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी घोषित किया गया है, तथा प्रतिवादी/अनावेदक क्रमांक 02 द्वारा प्रतिवादी/ अनावेदक क्रमांक 01 के पक्ष मे वादभूमि के संबंध मे निष्पादित पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक **11/07/2016** को अवैध एवं शून्य घोषित किया गया है तथा साथ मे ही प्रतिवादी/ अनावेदक क्रमांक 01 झुमुक लाल बघेल एवं प्रतिवादी/अनावेदक क्रमांक 02 छबिराम सतनामी को स्वयं अथवा अपने एजेन्ट के माध्यम से वाद भूमि के किसी भी प्रकार के अंतरित एवं उस पर हस्तक्षेप किये जाने से निषेधित किया गया है। आवेदक द्वारा माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक **21/10/2024** के परिपालन मे अपना नाम बतौर भूमिस्वामी राजस्व अभिलेख मे अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक **21/04/2025** तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **16/04/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**धरसींवा जिला रायपुर**

**शपथपत्र**

मैं भागीरथी साहू उम्र 34 वर्ष पिता महावीर साहू वर्तमान निवासी ग्राम काठाडीह तहसील व जिला रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 04.06.2020 है जो कि मेरे पुत्र का जन्म स्थान जिला अस्पताल रायपुर छ.ग. में हुआ है।
3. यह कि मैं अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जिला अस्पताल रायपुर से बनवाया हूँ जिसमें मेरे पुत्र का नाम रूद्र प्रताप सिंह दर्ज है जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम रूद्र कुमार साहू है।
4. यह कि मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम रूद्र कुमार साहू दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र की संशोधित रिप्रिन्ट प्रति प्रदान किये जाने के समर्थन में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मै उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा से सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 04 के कथन मेरी जानकारी में सत्य व सही है एवं आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायपुर छ.ग.
दिनांकः- 16.04.2025
**भागीरथी**
**शपथकर्ता**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर अटल नगर रायपुर में सेक्टर-16 में मुख्यमंत्री सह प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत ई.डब्ल्यू. एस. प्रकोष्ठ भवन क्रमांक SEC-16/S.F. BL. - 48 / 201 आबंटी श्रीमति एम जय लक्ष्मी एवं श्री एम विश्वनाधम पता- क्वाटर नं. 7/ बी सड़क 15 सेक्टर-2 भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के संयुक्त नाम से आबंटित किया गया था।

आबंटी द्वारा उक्त भवन का राशि रू. 3,50,000/- जमा किया जा चूका है। श्री एम विश्वनाधम की मृत्यु दिनांक 18.01.2021 को हो गया है। श्रीमति एम जय लक्ष्मी ने अपने पति की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर यथावत रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र एवं सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्रीमति एम जय लक्ष्मी के नाम से यथावत रखने पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि. नवा रायपुर अटल नगर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार बुधराम सतनामी पिता सुंदर सतनामी व निर्मला सतनामी पति बुधराम सतनामी दोनों निवासी वार्ड नं. 03 सतनामी पारा अतरगढ़ी बेमेतरा सरदा जिला बेमेतरा छ.ग. द्वारा विक्रेता संगीता सोनी पति मुकेश कुमार सोनी निवासी भूमिया सरोरा रायपुर छ.ग. के उनके हक स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम धरसींवा प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. धरसींवा, तह. व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नं. 371/7 का भाग रकबा 930 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर एक विक्रय इकरारनामा भी निष्पादित किया गया है मात्र पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, साहूकार, शासकीय, अर्द्धशासकीय, मंडल या किसी अन्य को उजर दावा/आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन दिनांक से एक सप्ताह के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रस्तुत करे बाद म्याद की गई आपत्ति शून्य होगी उक्त संपत्ति का पंजीयन बैनामा मेरे पक्षकार के पक्ष में करा दिया जावेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर दिनांक- 16.04.2025
**भवदीय**
**शैलेन्द्र शर्मा, (अधिवक्ता)**
**पता- ग्राम परसतराई, पो. धरसींवा**
**जिला रायपुर, छ.ग.**
**मो.नं. 9617947808**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार श्री कृष्णा सोनी उम्र 35 वर्ष पिता श्री शत्रुघन सोनी निवासी- मकान नंबर-30, ब्लॉक नं.- 05, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कचना, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. है, के द्वारा विक्रेता श्री पंकज शर्मा पिता श्री स्व. राम कुमार शर्मा निवासी- वार्ड नं.-05, परशुराम, फिंगेश्वर, गरियाबंद जिला गरियाबंद छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूमि जो कि मौजा-सेजबहार तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि को जिसका खसरा नंबर-472/82 का भाग, प.ह.न. 00082, जिसका रकबा 2000 वर्गफुट भूमि को, जो कि एक खुली कृषि भूमि है, जो रा.नि.मं.- रायपुर-18-कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित है। जिसे आज दिनांक **15/04/2025** को विक्रेता श्री पंकज शर्मा से क्रेता श्री कृष्णा सोनी के द्वारा क्रय किया गया है। जिसके संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या फर्म या बैंक आदि दावा आपत्ति करना चाहते है तो वह अपनी आपत्ति मयदस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय पते पर आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों के अंदर नीचे लिखे नाम एवं मोबाईल नंबर पर संपर्क कर सकते है। उपरोक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियाँ शुन्य व विधिविरूद्ध समझी जावेगी । सो सूचना जाने ।

**स्थान- रायपुर छ.ग.**
**दिनांक- 16/04/2025**
**अधिवक्ता**
**बिरेन्द्र कुमार मारकण्डे**
**सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं.- 9907339056**

## पेज 11 के शेष ...

### चिकित्सा शिक्षकों के ....

जा रहा है। दिसंबर में हुए साक्षात्कार में बड़ी सफलता नहीं मिलने पर अप्रैल में दूसरी बार प्रयास हुआ, जिसमें भी उल्लेखनीय सफलता नहीं मिल पाई है। यहां सहायक प्राध्यापक, सीनियर रेसीडेंट नियमित और संविदा, प्रदर्शक के पद शामिल थे। खासकर कार्डियक थोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग में कुल 21 पदों पर भर्ती के लिए बुधवार को दूसरी बार इंटरव्यू आयोजित किया गया था। मेडिकल कालेज के अधिष्ठाता कक्ष में हुए साक्षात्कार के लिए लगभग 50 लोग पहुंचे। सूत्रों के अनुसार कुछ के दस्तावेज अधूरे थे, तो कुछ की योग्यता कम थी। इस आधार पर उन्हें अपात्र माना गया। करीब 17 लोगों का चयन विभिन्न विभागों के लिए हुआ है और आने वाले दिनों में इसकी सूची जारी की जाएगी।

### ट्रायल के बिना ...

इसकी वजह से इस बात की आशंका है कि इसका स्वास्थ्य पर विपरीत असर हो सकता है। इन बातों का ध्यान रखते हुए पिछले दिनों भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय अंतर्गत सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन ने बगैर पर्याप्त ट्रायल के उपयोग में लाई जा रही 35 फिक्स्ड डोस कॉम्बिनेशन दवाओं पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है। इसके लिए समस्त राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य एवं औषधि विभाग के नियंत्रक को पत्र लिखकर ऐसी फार्मा कंपनियों को विक्रय करने और मार्केटिंग करने पर रोक लगाने कहा है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**
**संदर्भः-** जिला- रायपुर तहसील - रायपुर प.ह.न. - 00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425440725600264

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर पिता/पति- पता-रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 116/1 (0.0055) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता बीरेन्द्र कुमार सोनी पिता/पति मदन लाल सोनी पता- पुरानी बस्ती लीली चौक बरई मंदिर के पास रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन / फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
Jyoti Singh
रायपुर

### महादेव के खिलाड़ियों ....

सोनी, मध्यप्रदेश, कटनी निवासी संदीप अमरानी, झारखंड सिंहभूम निवासी अंकुल मिश्रा, दीपांशु गुप्ता, भिलाई निवासी ताज्जु मसीह के साथ असम, गुवाहाटी से बिलासपुर निवासी कुशल साहू, दुर्ग निवासी जीत सिंह, रायपुर निवासी सुजल रूपरेला, मध्यप्रदेश, छिंदवाड़ा निवासी अनुराग डहरिया, झारखंड, सिंहभूम निवासी हरदीप सिंह तथा उत्तरप्रदेश, आगरा निवासी भानू सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया है।


**डेढ़ हजार अकाउंट फ्रीज करने बैंक को पत्र :** इस सीजन में पुलिस ने क्रिकेट सट्टा में अब तक 17 प्रकरण दर्ज कर पौन करोड़ रुपए कैश सहित सटोरियों का सामान पुलिस ने जब्त किया है। साथ ही सट्टे की रकम लेन-देन करने इस्तेमाल किए गए डेढ़ हजार बैंक अकाउंट की पुलिस ने पहचान की है। सट्टे में इस्तेमाल बैंक अकाउंट को फ्रीज करने संबंधित बैंक को एसएसपी ने पत्र लिखे जाने की जानकारी दी है।

# फर्जी दस्तावेज से कोलकाता के जीपीटी हेल्थ केयर से अस्पताल संचालित करने अनुबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर थाना में मोजेक इंफ्रावेंचर प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर ने एक अन्य कंपनी के पूर्व डायरेक्टर के खिलाफ ठगी तथा ब्लैकमेलिंग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूर्व डायरेक्टर के खिलाफ फर्जी दस्तावेज से कोलकाता के जीपीटी हेल्थ केयर से अस्पताल संचालित करने अनुबंध करने का आरोप है।

मोजेक इंफ्रावेंचर के डायरेक्टर को पूर्व डायरेक्टर द्वारा नोटिस भेजे जाने के बाद ठगी करने की जानकारी मिली। पूर्व डायरेक्टर के खिलाफ तीन करोड़ रुपए मांगने का आरोप है। मोजेक इंफ्रावेंचर के डायरेक्टर अरविंद अग्रवाल ने अनिल उर्फ गोपाल चोपड़ा के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अरविंद अग्रवाल ने पुलिस को बताया है कि सन एण्ड सन इन्फ्रामेट्रिक प्राइवेट लिमिटेड, जिसमें अनिल चोपड़ा डायक्टर थे, उस कंपनी से मोजेक इंफ्रावेंचर ने वर्ष 2010 में बहुमंजिली इमारत बनाने अनिल से एग्रीमेंट किया। इसके बाद वर्ष 2012 में अनिल ने काम बंद कर दिया और उसने कंपनी से त्यागपत्र दे दिया।




- सन एण्ड सन इन्फ्रामेट्रिक प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व डायरेक्टर के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज
- पूर्व डायरेक्टर का नोटिस मिलने के बाद मिली जानकारी, पूर्व डायरेक्टर के खिलाफ तीन करोड़ रुपए मांगने का आरोप

### दस साल बाद कोलकाता की कंपनी से अनुबंध

अरविंद ने पुलिस को बताया है कि अनिल ने 10 वर्ष बाद वर्ष 2023 में कोलकाता की कंपनी से आईएलएस अस्पताल संचालित करने एग्रीमेंट किया। इस दौरान अरविंद अग्रवाल को अनिल द्वारा वर्ष 2012 में उनके फर्जी हस्ताक्षर कर कोलकाता की कंपनी से फर्जी अनुबंध तैयार करने की जानकारी मिली।

### अनुबंध करने के बाद भेजा नोटिस

अरविंद ने पुलिस को बताया है कि अनिल ने कोलकाता की कंपनी से फर्जी हस्ताक्षर से जो एग्रीमेंट किया था, उसने 25 जुलाई 2023 को अपने वकील के माध्यम से अरविंद अग्रवाल की कंपनी को नोटिस भेजा। नोटिस को लेकर अनिल से संपर्क किया गया, तो उसने नोटिस भेजने की बात कबूल करते हुए तीन करोड़ रुपए देने की मांग की। पैसा नहीं देने पर अरविंद को उनकी कंपनी को बदनाम करने की धमकी दी। अनुबंध में किए गए हस्ताक्षर की फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद अरविंद ने अनिल के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# छत्तीसगढ़ सर्वाधिक निवेश वाले टॉप टेन राज्यों में शामिल, अब तक 4.4 लाख करोड़ का निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ ने वित्तीय वर्ष 2025 में औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रोजेक्ट टूडे सर्वे द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में 218 नई परियोजनाओं में 1,63,749 करोड़ रुपए का निवेश आया है, जो देश के कुल निवेश का 3.71 प्रतिशत है। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ को, देश के टॉप टेन निवेश वाले राज्यों में शामिल करती है। इस सफलता के पीछे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति 2024-30 का महत्वपूर्ण योगदान है। यहां यह उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में हुए निवेश को मिलाकर राज्य में अब तक 4.4 लाख करोड़ रुपए का औद्योगिक निवेश हुआ है। एक नवंबर 2024 से लागू नई औद्योगिक नीति 2024-30 ने छत्तीसगढ़ को निवेशकों के लिए एक आकर्षक राज्य बना दिया है। इस नीति में न्यूनतम शासन, अधिकतम प्रोत्साहन के सूत्र को अपनाया गया है, जिसके तहत सिंगल विंडो सिस्टम 2.0, ऑनलाइन आवेदन, और त्वरित प्रोसेसिंग जैसी सुविधाएं शुरू की गई हैं। नीति में फार्मास्यूटिकल्स, आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। उद्योगों को 30-50 प्रतिशत सब्सिडी, 5 से 12 साल तक कर छूट, और ब्याज अनुदान जैसे प्रावधानों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है।

## 2025 में 218 परियोजनाओं में 1.63 लाख करोड़ का निवेश

### प्रमुख शहरों में इनवेस्टर कनेक्ट मीट

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर निवेश को आकर्षित करने के लिए देश के प्रमुख शहरों दिल्ली, मुंबई, और बेंगलुरु में इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट का आयोजन किया गया। इन समिट्स में देश-विदेश के प्रमुख उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया, जिसके परिणामस्वरूप 4.4 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। मुंबई में आयोजित समिट में 6000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव और अमेरिका व रूस के कॉन्सल जनरल से विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सहमति मिली। दिल्ली में 15,184 करोड़ और बेंगलुरु में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की सहमति ने छत्तीसगढ़ की औद्योगिक क्षमता को रेखांकित किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार पारदर्शी और निवेशक अनुकूल नीतियों के साथ हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।



### 300 से अधिक नए सुधार

छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछले एक साल में 300 से अधिक सुधार लागू किए, जिसने कागजी प्रक्रियाओं को कम कर कारोबारी माहौल को पारदर्शी और तेज बनाया। सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 के जरिए सभी स्वीकृतियां और लाइसेंस आसानी से उपलब्ध हैं, और सब्सिडी जारी करने की प्रक्रिया को 7 दिनों के भीतर सीमित किया गया है। इन सुधारों ने छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े उद्योगपतियों तक के लिए छत्तीसगढ़ को एक पसंदीदा गंतव्य बनाया है। छत्तीसगढ़ ने पहली बार सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, और एआई आधारित उद्योगों के लिए निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं।

## खबर संक्षेप



### छग बीज व कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास ने संभाला पदभार

**रायपुर।** नवा रायपुर, अटल नगर स्थित भवन (मंडी बोर्ड) में हनुमान जन्मोत्सव पर पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि. के नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने बीज निगम की मुख्य गतिविधियां, बीज निगम के गठन से लेकर निरंतर प्राप्त उपलब्धियों की विवरण सहित चैम्प्स सूचना प्रौद्योगिकी आधारित पारदर्शी प्रणाली के उद्बोधन के साथ पदभार ग्रहण किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक पुरंदर मिश्रा, वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, चंद्रशेखर साहू, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, इंद्र कुमार साहू सहित स्थानीय पदाधिकारी, महासमुंद जिले, रायपुर जिले एवं प्रदेश भर के पार्टी परिवार के साथी गण, बीज निगम के कर्मचारी, अधिकारी मौजूद रहे।

### राजेश सिंह को पीएचडी

**रायपुर।** मैट्स विवि द्वारा राजेश सिंह को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य शिक्षा विषय में किया। उनके शोध का टॉपिक योग एवं ध्यान का छात्रों पर प्रभाव था। उन्होंने अपना शोधकार्य प्रो.परविंदर हंसपाल के मार्गदर्शन में पूर्ण किया।



### स्वामी विवेकानंद हाउस को मिला पहला पुरस्कार



**रायपुर।** श्री गुजराती अंग्रेजी माध्यम शाला में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 2024-25 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सर्वश्रेष्ठ हाउस की घोषणा एवं सम्मान रहा। बेस्ट हाउस स्वामी विवेकानंद हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, विजेता हाउस को गुजराती शिक्षक संघ के अध्यक्ष नारायण भाई पटेल द्वारा शील्ड प्रदान किया गया। इस मौके पर नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, नियम पूर्वक समय सारणी बनाकर अनुशासित रहकर मेहनत करने से हम अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त कर सकते हैं। इसी दौरान पार्षद महेंद्र खोडियार ने कहा कि, विद्यार्थियों को मोबाइल का सदुपयोग करने की शिक्षा देते हुए कहा कि, कोई एक दिन मोबाइल का प्रयोग नहीं करने के लिए व्रत लेना चाहिए। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद कृतिका जैन सहित शाला प्राचार्य डा. शैलेश शर्मा एवं गुजराती शिक्षक संघ के कार्यवाही एवं संरक्षण समिति के पदाधिकारी शामिल थे।

# बीफार्मा की परीक्षा में बैठा सिर्फ एक छात्र, वो भी फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बुधवार को पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बीफार्मा की पुराने पाठ्यक्रम के आधार पर ली गई सातवें सेमेस्टर की परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए। इस परीक्षा में केवल एक ही छात्र शामिल हुआ, वो भी फेल हो गया। परिणाम देखने के बाद विवि प्रबंधन ने अपना सिर पकड़ लिया, क्योंकि इस एकलौते छात्र के लिए फिर से परीक्षा लेनी होगी। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालयीय नियमों के मुताबिक, किसी भी कक्षा में प्रवेश के दौरान जो पाठ्यक्रम लागू रहता है, छात्र के डिग्री प्रदान करने तक उसी पाठ्यक्रम से परीक्षा लेनी होती है। बीफार्मा के पाठ्यक्रम में कुछ समय पूर्व विवि प्रशासन द्वारा बदलाव किया जा चुका है। रविवि अब नए पाठ्यक्रम के आधार पर परीक्षाएं लेता है। चूंकि उक्त छात्र अब तक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सका है, ऐस में विवि इस एकलौते छात्र के लिए पुराने पाठ्यक्रम से परीक्षाएं ले रहा है।



### एमए भूगोल में 88% उत्तीर्ण

बीफार्मा नवीन पाठ्यक्रम के अंतर्गत सातवें सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 55 में से 54 छात्र उत्तीर्ण हो गए हैं। रविवि द्वारा एमए भूगोल प्रथम सेमेस्टर के परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं। इसमें 203 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 179 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। 24 छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। परिणाम 88.18% रहे। इसी तरह एमए भूगोल ओल्ड सिलेबस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 119 छात्रों में से 112 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। बीएएलएलबी पार्ट-5 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल हुए 144 छात्रों में से 129 को सफल घोषित किया गया है। सबसे खराब नतीजे डीसीए के रहे। 910 में से मात्र 368 छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। परिणाम 40.44 प्रतिशत रहे।

## 24 घंटे में काम पर वापसी का आदेश किया दरकिनार

# पंचायत सचिव नहीं लौटे काम पर, अब उनका प्रभार लेने को भी साथी नहीं हैं तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर करीब महीनेभर से हड़ताल कर रहे राज्य के करीब साढ़े दस हजार पंचायत सचिव सरकार की चेतावनी के बाद आंदोलन पर कायम हैं।

- कोई प्रभार लेने को तैयार नहीं, अब दिल्ली में होगा धरना

इन हड़तालियों को सरकार ने 24 घंटे में काम पर लौटने की चेतावनी दी थी, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ है। इसी बीच सरकार ने कोशिश की थी कि हड़तालियों की जगह उनके समकक्ष अन्य कर्मियों को प्रभार देकर काम करवाया जाए, लेकिन यह दांव भी सफल नहीं हो पाया है। जिन कर्मियों को प्रभार दिया जाना है, वे भी सचिवों के समर्थन में आ गए हैं।




### समर्थन में सामने आया ये संगठन

पंचायत सचिवों की हड़ताल के समर्थन में छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन सामने आया है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहू ने बताया है कि प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के प्रगतिरत आंदोलन के समर्थन के विषय पर फेडरेशन में शामिल संगठन के पदाधिकारी द्वारा अपना विचार प्रकट किया गया। फेडरेशन में शामिल सभी संगठनों के पदाधिकारी के विचार को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश पंचायत सचिव संगठन की हड़ताल को समर्थन दिया जाए एवं पंचायत सचिव का प्रभार नहीं लेने का निर्णय लिया गया है। वर्चुअल बैठक में आंतरिक सहायक करारोपण एवं लेखा परीक्षण अधिकारी, जनपद जिला स्तर बाबू संगठन , प्रदेश पंचायत सचिव संगठन , छत्तीसगढ़ ग्राम रोजगार सहायक संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। इन्हीं कर्मियों को हड़तालियों की जगह प्रभार देने की तैयारी थी।

### तीन पंचायत सचिवों की हुई है मौत

बताया गया है कि राज्य भर में 18 मार्च से जारी इस आंदोलन को लेकर प्रदेश के 146 ब्लॉकों में धरना दिया जा रहा है। इस धरने के दौरान कोरबा, महासमुंद और जशपुर में तीन पंचायत सचिवों की मौत हो गई है। कोरबा में क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे पाली जनपद पंचायत के कुटेलमुडा ग्राम पंचायत के सचिव राजकुमार कश्यप धरने पर बैठे थे, अचानक इनकी तबीयत बिगड़ी, साथियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि मौत हो चुकी है। माना जा रहा है कि हार्ट अटैक से उनकी मौत हुई। इसी तरह एक दो अन्य पंचायत सचिवों की मौत भी हार्टअटैक से हुई है। प्रदेशभर में हड़ताल कर रहे सचिवों ने इन्हें श्रद्धांजलि दी है।

### दिल्ली में प्रदर्शन की तैयारी

राज्य सरकार की कोशिशों के बाद भी पंचायत सचिव हड़ताल खत्म करने को तैयार नहीं हैं। इसी बीच जानकारी मिली है कि ये लोग अब दिल्ली के जंतर मंतर में जाकर 21 तारीख से प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं। पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा इस सिलसिले में दिल्ली जाकर धरना प्रदर्शन की अनुमति लेने का प्रयास कर रहे हैं।

# कलेक्टोरेट में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर कलेक्टोरेट में अधिकारी-कर्मचारी के वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाने के लिए विशेष कैंप लगाया गया है। यह कैंप जनदर्शन कक्ष में लगाया गया है, जहां हर दिन कर्मचारियों की भीड़ लग रही है। यह सुविधा कर्मचारियों को राहत देने के लिए है, ताकि एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने के लिए आवेदन करने परिवहन विभाग कार्यालय जाना ना पड़े। इससे कर्मचारियों का न केवल समय बचेगा, बल्कि इस काम के लिए अवकाश लेने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।

### 2019 के पहले की गाड़ियों में लगाना अनिवार्य

वर्ष 2019 के पहले की सभी गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके तहत रायपुर जिले में ऐसी लाखों गाड़ियां हैं, जो 2019 के पहले की हैं, जिनके मालिकों को एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना होगा। जिले में यह नंबर प्लेट लगाने के लिए लगातार लोग आवेदन भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टोरेट में भी कर्मचारियों को सुविधा देने के लिए विशेष कैंप लगाया गया है।

### कलेक्टोरेट में नहीं दिया जाएगा प्रवेश

कलेक्टर गौरव सिंह ने पूर्व में ही सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे भी अपने-अपने वाहन की नंबर प्लेट जल्द से जल्द लगवा लें, क्योंकि आगामी दिनों में कलेक्टोरेट परिसर में 2019 के पहले वाले वाहन को एंट्री दी जाएगी, जिनमें एचएसआरपी लगी होगी। कलेक्टर के इस निर्देश के बाद कैंप में वाहन में एचएसआरपी लगाने के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारियों की हर रोज भीड़ लग रही है।

# महापौर बंगला हो गया खाली, दीवार पर पुट्टी और रंगरोगन का चल रहा कार्य

- जोन 4 की देखरेख में बंगला सफाई और सफेदी का कार्य
- महापौर मीनल चौबे नलघर चौक स्थित बंगले में जनता की सुनेंगी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निवृत्तमान महापौर एजाज ढेबर ने नलघर चौक स्थित पुराने मेयर बंगले को खाली कर दिया है। अब उस बंगले को नए महापौर मीनल चौबे के लिए तैयार किया जा रहा है। नगर निगम जोन की देखरेख में बंगले को चकाचक करने दीवारों पर पहले पुट्टी की जा रही है, इसके बाद रंगरोगन कर उसे चमकाया जाएगा।

बैरनबाजार क्षेत्र के नलघर चौक के समीप नगर निगम का महापौर बंगले खाली हो गया है। इसके बाद बंगले की साफ-सफाई और दीवारों पर पुट्टी का कार्य कराया गया है। जोन 4 कमिश्नर अरुण ध्रुव ने बताया कि रंगरोगन का काम कराया जा रहा है, ताकि बंगले को एक बार फिर व्यवस्थित कर सुंदर स्वरूप दिया जा सके। विदित हो, पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में महापौर बंगला को भव्य रूप देकर उसे आकर्षक रूप दिया गया। गार्डन में फूलदार पौधे के साथ हरियाली पर खास ध्यान दिया गया। यहां चौबीसों घंटे महापौर से मिलने वालों का आना-जाना लगा रहता था। नगरीय चुनाव के बाद शहरी सत्ता में भाजपा की बहुमत के साथ वापसी होते ही वर्तमान महापौर मीनल चौबे के लिए यह बंगला खाली कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक शहर के बीच होने के कारण मेयर बंगले को महापौर अपना अस्थायी कार्यालय बना सकती हैं, जहां पार्टी कार्यकर्ता के साथ ही शहर के लोग समस्या लेकर महापौर से मिल सकेंगे।

# पुलिस को चकमा देकर पंजाब का हेरोइन तस्कर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आमानाका थाने के लॉकअप में बंद एक हेरोइन तस्कर पुलिस को चकमा देकर बुधवार सुबह फरार हो गया। पुलिस ने तस्कर को उसके एक अन्य साथी के साथ सोमवार देर शाम गिरफ्तार किया था। तस्कर को थाना में काम करने आने वाली एक सफाईकर्मी ने भागते हुए देखा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी, तब तक तस्कर पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार हो चुका था।

पुलिस ने पंजाब, अमृतसर निवासी धर्मेंद्र सिंह तथा अमृतपाल सिंह को 12.69 ग्राम हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस को चकमा देकर अमृतपाल सिंह फरार हुआ है। मंगलवार को कागजी कार्रवाई में देर होने की वजह से दोनों को कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका। इस वजह से पुलिस दोनों आरोपियों को बुधवार सुबह 11 बजे कोर्ट में पेश करने ले जाने की तैयारी कर रही थी। इस दौरान अमृतपाल सुबह फ्रेश होने जाने के बहाने वाशरूम जाने लॉकअप से बाहर निकला। इसी बीच वह पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस अमृतपाल की पतासाजी कर रही है।

### बुद्धिस्ट सोसाइटी ने मनाई आंबेडकर जयंती



**रायपुर।** बोधिसत्व डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया माननीय राज रत्न अंबेडकर ग्रुप के द्वारा कलेक्टोरेट चौक स्थित प्रतिमा स्थल मट्ठा वितरण किया गया। जयंती के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली रैली में शामिल उपासकों के लिए मट्ठा काफी फायदेमंद रहा। इस कार्यक्रम में खिलेंद्र दावडे, एसआर गेडाम, अरुण रामटेके, गणेश शंभरकर, एडवोकेट संजय गजभिए, गजेन्द्र डोंगरे, अरुण डोंगरे सपना बसोंड, प्रिया डोंगरे, मयूरी डोंगरे, पल्लवी सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

# कैबिनेट आज, बर्खास्त शिक्षक और पंचायत सचिव के मामले में निर्णय की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साय कैबिनेट की बैठक गुरुवार को मंत्रालय में होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। प्रदेश में कोर्ट के आदेश पर बर्खास्त किए गए शिक्षकों के मामले में कैबिनेट उन्हें समायोजित करने का निर्णय ले सकती है। वहीं पंचायत सचिवों के एक माह से चली आ रही हड़ताल के संबंध में भी चर्चा कर निर्णय लेगी। नया वित्तीय वर्ष शुरू होने के बाद यह कैबिनेट की पहली बैठक होगी।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर छत्तीसगढ़ के बर्खास्त किए गए 2897 सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए राज्य सरकार ने रास्ता निकाल लिया है। कैबिनेट की बैठक में इस पर मुहर लग सकती है। चर्चा है, इसके बाद जल्द ही सहायक शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पिछली सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते 2897 सहायक शिक्षकों को सड़क पर आना पड़ गया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट का आदेश था कि प्रायमरी के बच्चों को पढ़ाने के लिए बीएड नहीं डीएड होना चाहिए। सरकार ने सुप्रीक कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद स्पेशल लीव पिटिशन लगा दिया। और इसी आधार पर स्कूल शिक्षा विभाग ने बीएड डिग्री धारियों को सहायक शिक्षक बना दिया। हालांकि, कानूनी अड़चनों से बचने के लिए सशर्त नियुक्ति दी गई थी। बीएड डिग्री वाले सहायक शिक्षकों को बर्खास्तगी के बाद कोई कानूनी मदद नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने पिटीशन खारिज कर दिया। इसके बाद से बर्खास्त किए गए शिक्षकों द्वारा लगातार धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है।



### *कमेटी फैसला नहीं ले पाई, सरकार लेगी निर्णय*

*बर्खास्त सहायक शिक्षकों के तेज होते आंदोलनों को देखते मामले का निराकरण करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थी। कमेटी जब किसी फैसले पर नहीं पहुंची तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पिछले सप्ताह एक अहम बैठक बुलाई। मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, शामिल हुए। बैठक में मुख्यमंत्री ने अफसरों को जल्द-से-जल्द बर्खास्त शिक्षकों के पक्ष में कोई रास्ता निकालने का निर्देश दिया था।*

### *पंचायत सचिव नियमितीकरण को लेकर लामबंद*

*मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों के नियमितिकरण के वादे को पूरा करने को लेकर प्रदेश के पंचायत सचिव पिछले एक माह से हड़ताल पर हैं। हड़ताल में चले जाने से पंचायतों का काम पेंडिंग पड़ा है। चुनाव में जीतकर आए सरपंचों को पंचायत का काम करने में दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है। मामले में विभागीय सचिव ने कई बार उन्हें चेतावनी दी पर इसका कोई असर पंचायत सचिवों पर नहीं हुआ। अब कैबिनेट की बैठक में चर्चा का इसका रास्ता निकालने का प्रयास किया जाएगा।*

## बिजनेस साइट

### सिपेट में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**रायपुर।** केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), रायपुर के भ्रमण के दौरान रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि सिपेट युवाओं के लिए भविष्य की दिशा तय करने वाला संस्थान बन चुका है। यह अवसर सिपेट में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह का था, जहां मोतीलाल साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सिपेट के प्रधान निदेशक डॉ. आलोक साहू ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि संस्थान द्वारा प्रदान किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बाद युवाओं को शत-प्रतिशत नियोजन के अवसर मिलते हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि संस्थान विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों की मांग के अनुरूप तकनीकी कौशल उपलब्ध करवा रहा है।

### कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 8वां फाउंडेशन डे

**रायपुर।** कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में 8वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य आईविन स्मिथ, स्कूल को-ऑर्डिनेटर श्रेया पाठक, रिया सिंह एवं प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कोलंबिया ग्लोबल स्कूल एवं कोलंबिया जूनियर स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कला एवं प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से किया। कार्यक्रम में जन प्रगति शिक्षा सोसाइटी के अध्यक्ष किशोर जादवानी, उपाध्यक्ष विजय जादवानी, सचिव हरजीत सिंह हुरा, कोषाध्यक्ष रविंदर सिंह हुरा, कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के निदेशक एवं एम्पावर एडुप्रिन्योर्स के निदेशक वी. के. गोविंद मुदलियार की उपस्थिति रही। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि विद्यालय निरंतर प्रगति करे और छात्र प्रौद्योगिकी का विवेकपूर्ण उपयोग करते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें। शिक्षकों को भी प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें जीवन पथ पर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।



### कलिंगा विश्वविद्यालय और सीईईडी के बीच एमओयू





**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय और पर्यावरण एवं ऊर्जा विकास केंद्र (सीईईडी) ने एक अहम समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संक्रमण, नवाचार और शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर कार्य करना है। यह हस्ताक्षर समारोह कलिंगा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। समझौते के तहत दोनों संस्थान अनुसंधान, संसाधन साझा करने, क्षमता निर्माण और शैक्षणिक व औद्योगिक सहयोग के नए आयाम खोलेंगे। यह साझेदारी छात्रों के समग्र विकास और उन्हें आधुनिक वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।





हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



04 गर्मियों में चेहरे पर इन किचन ...

## जॉब लाइव

### रेलवे में मैनेजर पदों पर निकली भर्ती 24 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन



**रायपुर।** नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से मैनेजर पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए एप्लीकेशन प्रॉसेस स्टार्ट हो चुकी है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 24 अप्रैल तक जारी रहेगी। जो भी उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं और रेलवे में सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं, वे तय तिथियों के अंदर ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट www.nhsrcl.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। फॉर्म भरने से पहले उम्मीदवार पात्रता की जांच अवश्य कर लें। इस भर्ती में भाग लेने के लिए संबंधित क्षेत्र में इंजीनियरिंग डिग्री (बीई/ बीटेक) प्राप्त की हो। इसके साथ ही 31 मार्च 2025 को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 35 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। योग्यता की विस्तृत डिटेल के लिए अभ्यर्थी एक बार ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें। इस भर्ती में चयनित होने के लिए आवेदनकर्ताओं को पहले कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट में भाग लेना होगा। जो अभ्यर्थी इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करेंगे उनको इंटरव्यू में शामिल होना होगा। अंत में अभ्यर्थियों को मेडिकल एग्जामिनेशन में शामिल होना होगा।

#### एनसीआरटीसी में विभिन्न पदों पर हो रही भर्ती

नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड में विभिन्न पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए एप्लीकेशन प्रॉसेस शुरू हो चुकी है। ऐसे में जो भी उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं और सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं वे ऑनलाइन माध्यम से विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट **ncrtc.in** पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। इस भर्ती में शामिल होने के लिए फॉर्म भरने की लास्ट डेट 24 अप्रैल तय की गई है।

#### पुलिस कॉन्स्टेबल के 9617 पदों पर भर्ती

पुलिस विभाग में सरकारी नौकरी पाने का सपना देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर की ओर से पुलिस कॉन्स्टेबल के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के माध्यम से कॉन्स्टेबल के 9617 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 28 अप्रैल से स्टार्ट की जाएगी, जो निर्धारित अंतिम तिथि 17 मई तक जारी रहेगी। अभ्यर्थी इन्हीं डेट्स के अंदर ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भर सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं होंगे।

● कमला देवी संगीत महाविद्यालय में ओडिशा, पटना, त्रिवेन्द्रम, छग की कत्थक नृत्यांगनाओं ने छोड़ी छाप

# ठुमरी-चतुरंग के साथ मनमोहक नृत्य में माखन चोरी का गज भाव, लय-ताल को मंच प्रदर्शन में साधा

'सुर-ताल और लय के साधकों ने ठुमरी और चतुरंग की मनमोहक भाव-भंगिमाओं से माखन चोरी के गज भाव को नृत्य की मुद्राओं से मंच प्रदर्शन के बीच साधने का सुन्दर प्रयास किया। हर साल की तरह यह श्रृंखला खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कमला देवी संगीत महाविद्यालय में मंगलवार और बुधवार को सजाने के लिए कत्थक में एमपीए कर रहीं छात्राएं पहुंचीं। इनकी हर मुद्रा और ताल के साथ जुगलबंदी पर परीक्षक की पैनी नजर रही।'



**रायपुर।** कमला देवी संगीत महाविद्यालय में कोई सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि मंचों पर लोगों को मंत्र मुग्ध करने वाली नृत्यांगनाओं की परीक्षा का दौर था। इसमें एमपीए यानी मास्टर ऑफ परफॉर्मेंश आर्ट का कोर्स करने वाले छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं, कॉलेज की प्राचार्य एवं कत्थक गुरु डॉ. आरती सिंह के साथ ही मंच प्रदर्शन कक्ष में पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर संगत करने के लिए एक्सपर्ट मौजूद थे। इनकी संगत पर 15 एवं 16 अप्रैल के बीच ओडिशा, पटना, त्रिवेन्द्रम सहित छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख शहरों से कत्थक का कोर्स करने वाले विद्यार्थी मंच प्रदर्शन का हिस्सा बनने और खुद को साबित करने के लिए पहुंचे हुए थे। उनके प्रदर्शन पर पैनी नजर रखने के लिए खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से बतौर परीक्षक डॉ. डाली उईके मौजूद थीं।



#### छात्राओं ने 16 मात्राओं से सजाया लहरा

सभी छात्राओं को एक-एक करके कत्थक की भाव-भंगिमाओं के साथ 16 मात्राओं से सजाने के लिए क्रम से अवसर दिया गया। इस दौरान वादन में पारंगत गुरुओं में तबला पर भूपेन्द्र साहू व लाला राम लोनिया ने हारमोनियम पर संगत और गायन करते हुए 16 मात्राओं के साथ लहरा से नृत्यांगनाओं को कत्थक को सजाने का अवसर दिया। इसके बाद डगर चलत देखो श्याम..का गायन करते हुए नृत्य की भाव-भंगिमा को परख रहे थे। यह सिलसिला एक-एक नृत्यांगना के मंच प्रदर्शन से आगे बढ़ रहा था।

#### ताल को साधते हुए याद पिया की...

इसके बाद संगत करते हुए डॉ. आरती सिंह ने भगवती देवी वंदना स्तुति आए घन उमड़-घूमड़ ..., के साथ वर्षा ऋतु पर ठुमरी पर नृत्यांना को कत्थक पेश करने का अवसर दिया। इससे पहले लय और ताल को साधते हुए याद पिया की आई..., ठुमरी पेश करते हुए कत्थक का प्रदर्शन करने आई छात्रा के मंचीय भाव-भंगिमाओं के साथ ही की गई तैयारी और प्रस्तुति के दौरान उनकी कमियों को जांचने का प्रयास परीक्षक ने किया। मौखिक सवालों का जवाब हर नृत्यांगना से परीक्षक ने अलग से लिया।

#### आज स्नातक करने वालों का प्रदर्शन

मनीषा साहू, मनीषा शर्मा, तुलसी पटेल, रंजना सोलंकी के साथ ही राशि सहित 31 कत्थक नृत्यांगनाओं ने मंच प्रदर्शन के दौरान नृत्य पेश किया। इसमें दर्शक भले ही नहीं थे, लेकिन तालियां फिर भी बज रही थीं। गुरुओं ने भी हर प्रस्तुति के बाद छात्राओं की हौसला आफजाई की। कालेज के वाद्य गुरु विद्यानाथ सिंह ने बताया कि गुरुवार को गायन में स्नातक करने वाले विद्यार्थी मंच प्रदर्शन का हिस्सा बनेंगे। उनके गायन को परखने के लिए गायन के गुरु परीक्षक होंगे। इनके द्वारा सुर और ताल की जुगलबंदी जांची जाएगी।

## सिटी इवेंट

### योग, कराटे, वायलिन वादन सीखने कैम्प में बढ़ी रौनक



**रायपुर।** परीक्षा खत्म होते ही विद्यार्थी अब खुद को अलग-अलग विधा में तराशने के लिए समर कैम्प का हिस्सा बनने लगे हैं। कोई योग तो किसी ने आत्मरक्षा के लिए कराटे और ज्यादातर विद्यार्थी वायलिन की विधा में खुद को पारंगत करने के लिए नालंदा परिसर स्थित कला केंद्र में बुधवार से शुरू हुए समर कैंप का हिस्सा बनने लगे हैं। इस सीजन के लिए समर कैम्प का शुभारंभ कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि इस साल चार चरण में समर कैम्प होगा। पहले चरण के लिए 150 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन करवाया है। तय समय में आए और जिस विधा में रुचि है, उसे सीखकर जाएं।

#### पांच दिन पहले कराना होगा पंजीयन

इसके अलावा कला केंद्र की नियमित कक्षाएं शाम की पाली में संचालित होती रहेंगी। समर कैंप में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी कैंप शुरू होने के 05 दिन पहले अपना पंजीयन कला केंद्र में करा सकते हैं। समर कैंप में गायन, नृत्य, जुम्बा, योगा, मेहंदी सहित 20 विधाओं के गुरुओं द्वारा विद्यार्थियों को रोज प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग आर्ट से जुड़े गुरुओं को जिम्मेदारी दी गई है, जो कैम्प में प्रशिक्षण देंगे।



#### चार चरण में संचालित होगा कैम्प

कला केंद्र में जारी इस प्रशिक्षण शिविर में छात्रों को 20 से अधिक विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समर कैंप में 110 दिव्यांग छात्र और बालिका गृह की छात्राएं भी भाग ले रही हैं। इनके लिए रोज सुबह की पाली में समर कैंप संचालित होगा। यह चार चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला चरण 16 से 30 अप्रैल, दूसरा चरण 01 से 15 मई, तीसरा चरण 16 से 30 मई और चौथा चरण 01 से 15 जून तक चलेगा।

# छात्रों को कॅरियर की राह दिखाने आईं दिग्गज कंपनियां ट्रिपलआईटी-एनआर में हुआ तकनीकी मंथन

**रायपुर।** नया रायपुर स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने अपनी स्थापना के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को सातवें इंडस्ट्री-एकेडमिया मीट 2025 का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य उद्योग जगत के पेशेवरों और शैक्षणिक समुदाय के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना और शिक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में नवीनतम रुझानों पर विचार-विमर्श करना था। इस वर्ष के मीट में स्विगी, क्लेरियन टेक्नोलॉजीज, एको, एंजलवन, जीस, एलएंडटी सेमीकंडक्टर्स टेक्नोलॉजीज, क्लैरिफाई और कैडेंस डिजाइन सिस्टम्स जैसी नामचीन कंपनियों ने भाग लिया। कार्यक्रम सेमीकंडक्टर्स और ईएसडीएम टेक्नोलॉजीज, वर्कप्लेस का भविष्य, जेनरेटिव एआई का प्रभाव, क्लाउड कंप्यूटिंग और डेवऑप्स तीन मुख्य विषयों पर केंद्रित किया गया था। प्रत्येक विषय के अंतर्गत विशेषज्ञ पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं, जिनमें उद्योग और अकादमिक जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव, रिसर्च इनसाइट्स और भविष्य की संभावनाओं को साझा किया।




आईआईआईटी-एनआर में इंडस्ट्री-एकेडमिया मीट 2025 का आयोजन, उद्योग और शिक्षा जगत के विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

#### इंजीनियरिंग सिद्धांतों के महत्व पर जोर

सेमीकंडक्टर्स और ईएसडीएम टेक्नोलॉजीज में एलएंडटी सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजीज के उपाध्यक्ष और वैश्विक प्रमुख मनीष शर्मा और एनएक्सपी सेमीकंडक्टर्स में भारत नवाचार इकोसिस्टम के प्रमुख प्रीत यादव शामिल थे। 'कार्य के भविष्य पर जेनरेटिव एआई का प्रभाव' दूसरे पैनल में स्विगी के इंजीनियरिंग निदेशक भूपेंद्र चावला, क्लेरियन टेक्नोलॉजीज के वीपी और वैश्विक प्रमुख राजशेखर विश्वनाथन द्वारा संचालित इस सत्र में जेनरेटिव एआई और नवाचार के अवसरों पर चर्चा हुई। पैनलिस्टों ने इंजीनियरिंग सिद्धांतों के महत्व पर जोर दिया, जो नौकरी के परिदृश्य में भी प्रासंगिक बनी रहेगी।

#### आधुनिक सॉफ्टवेयर विकास और संचालन पर चर्चा

आधुनिक सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की रीढ़ अंतिम पैनल में कैडेंस के सोनू गोयल, एलएंडटी के मनीष शर्मा, स्विगी के भूपेंद्र चावला और क्लैरिफाई के स्टाफ सॉफ्टवेयर इंजीनियर नितिन भोजवानी शामिल थे। जीस के तकनीकी प्रमुख आनंद वर्धन सिंह द्वारा संचालित इस चर्चा में इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि क्लाउड कंप्यूटिंग और डेवऑप्स आधुनिक सॉफ्टवेयर विकास और संचालन में कैसे आवश्यक हो गए हैं। पैनलिस्टों ने उद्योग के लिए तैयारी और अपेक्षाओं के प्रबंधन पर अंतर्दृष्टि प्रदान की।

# रक्तदान शिविर में जरूरतमंदों के लिए स्टूडेंट्स ने दिया ब्लड

रायपुर दिशा कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएसएस यूनिट और इंडियन रेड क्रॉस ब्लड सेंटर डीकेएस रायपुर के सहयोग से आयोजित हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ए. के. तिवारी, इंडियन रेड क्रॉस ब्लड सेंटर रायपुर के इंचार्ज डॉ. सत्यनारायण पांडे और उनकी टीम ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ. तिवारी ने कहा कि मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है। केवल मानव ही किसी जरूरतमंद को रक्त दे सकता है, इसलिए रक्तदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. सत्यनारायण पांडे ने रक्तदान के लाभ और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान है और यह समाज के प्रति हमारी परंपरा का हिस्सा है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि एक परमार्थ है, जो जीवन बचाने में मदद करता है।



#### बीपी, हीमोग्लोबिन और वजन की जांच भी

100 विद्यार्थियों ने इस शिविर में उत्साह के साथ भाग लिया और रक्तदान किया। प्रत्येक रक्तदाता का पहले मेडिकल चेकअप किया गया। जिसमें बीपी, हीमोग्लोबिन और वजन की जांच की गई। इस अवसर पर एनएसएस यूनिट की सरिता शर्मा और छात्र-प्राध्यापकगण का योगदान सराहनीय रहा।

युवाओं ने मिलकर शुरू की सेवा, खिला रहे हैं चारा

# पाकेटमनी से 30 युवा हर संडे गौमाता को परोस रहे हरी सब्जियां, इलाज कराने पहुंचा रहे गौशाला

कार्नर न्यूज

रायपुर। कहते हैं सेवा करने का भाव किसी एक व्यक्ति में हो, तो वह समय के साथ कारवां का रूप ले लेता है। ऐसा ही कुछ न्यू चंगोराभाठा शिव नगर निवासी राम देवांगन के साथ 6 साल पहले हुआ। वाहन चालकों के कारण दुर्घटना में घायल गौवंश के प्रति राम के मन में उत्पन्न हुआ सेवा भाव अब टोली का रूप ले चुका है। युवाओं ने मिलकर अब समृद्धि वेलफेयर फाउंडेशन बना लिया है। इससे प्राइवेट जॉब और पढ़ाई करने वाले जुड़े हैं। जो किसी से आर्थिक मदद लिए बिना, आपस में पाकेटमनी डोनेट करके हर संडे करीब चार हजार का चारा और भाजी खरीदते हैं। इसे लाने के बाद श्रमदान से उसे काटते और बोरियों में भरते हैं।



#### हर मेंबर खुद से जमा करते हैं पैसे

29 वर्षीय राम ने बताया कि बचपन में स्कूल-आते-जाते गौ माता को दीन-हीन स्थिति में देखकर उनके लिए कुछ करने का मन में भाव था। उस भाव ने 6 साल पहले जब चार दोस्तों से बात की, तो संकल्प का रूप ले लिया। हम दोस्तों ने जब इस काम को करना शुरू किया, तो इसे देखकर आसपास के नौकरीपेशा युवा भी जुड़ने लगे। अब स्थिति यह बन गई है कि किसी को बोलना नहीं पड़ता। सब शनिवार तक पैसा जमा करते हैं। इसके साथ ही उस पैसे से संडे को सब्जी और चारा लाने की जिम्मेदारी तय होती है।

#### हर सप्ताह अलग क्षेत्र में जाते हैं

फाउंडेशन के संयोजक का दायित्व निभा रहे राम ने बताया कि कुशालपुर, रायपुरा, महादेव घाट, लाखे नगर और भाठागांव सहित अलग-अलग क्षेत्र में सेवा देने जाते हैं। इस तरह का प्रयास इसलिए भी करते है, ताकि सेवा करते देख दूसरे क्षेत्र में रहने वाले युवा भी प्रेरित होकर गौवंश के लिए काम करें। सौ से भी ज्यादा घायल गायों को जरवाय के पास स्थित लीलावती गौशाला में पहुंचाए हैं। जहां उनका इलाज करने के लिए डाक्टर भी आते हैं। हमारा प्रयास गौवंश को किसी तरह से कष्टमय जीवन से बचाना है।



#### टोली में ये मेंबर्स देते हैं सेवा

इस टोली में शामिल युवा हर सप्ताह करीब 4 हजार का चारा और सब्जी-भाजी खरीदते हैं। इसमें विजय साहू, कृष्णा साहू, किशन देवांगन, मनीष देवांगन, बंटी देवांगन, हरीश वर्मा, अंजय शर्मा, विवेक पंडित, उमेश साहू शामिल हैं। इनके साथ चारा बांटने और घायल गौवंश को सोनू देवांगन, लक्की साहू, खिलेश देवांगन, महेंद्र देवांगन, कोमल ध्रुव, प्रकाश साहू, संतोष कुर्वे, दिनेश, जीत, सुगरित दास गौशाला पहुंचाते हैं।

## आराधना लाइव

### विपत्ति के समय ही भक्ति की परीक्षा भक्त इसे अवसर की तरह देखें



रायपुर। विपत्ति के समय ही भक्ति का पता चलता है। विपत्ति भक्ति की परीक्षा ही नहीं, अवसर भी है। विप्र नगर विष्णु मंगलम्- अग्रोहा कालोनी में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में व्यासपीठ से पं. झम्मन शास्त्री ने प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाते हुए उक्त बातें श्रोताओं से कहीं। महाराज ने राजा बलि की कथा सुनाते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की भक्ति का पता विपत्तियों में ही चलता है। भक्त प्रहलाद ने अपने पिता द्वारा किए गए अत्याचारों को भगवान के ऊपर विश्वास रखते हुए सहन किया। अंत में भगवान को स्वयं प्रकट होकर अत्याचारी का अंत करना पड़ा। हमें भी विपत्तियों में भगवान की परीक्षा को समझना चाहिए। राजा बलि प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि शास्त्रों में दान से धन की शुद्धता का वर्णन मिलता है।

#### सात्विक भाव और विचार से कथा सुनें

वर्तमान दौर में लोग तरह-तरह का जतन करके पैसा कमा रहे हैं। यह भी नहीं देख रहे हैं कि उस धन का क्या प्रभाव पड़ेगा। जितना कमा रहे हो उसका कुछ हिस्सा जन कल्याण में खर्च करें। भागवत कथा अमृत तुल्य है। शास्त्रीजी ने कहा कि 18 पुराणों में वेद मंत्रों की व्याख्या भगवान वेद् व्यास ने करते हुए सत्य धाम और न्याय नीति की स्थापना के लिए श्रद्धालुओं को संघर्ष करने के लिए कहा। वर्तमान समाज में द्वंद्व, संघर्ष, कलह, कटुता, द्वेष बढ़ रहा, जो जहर तुल्य है। उन दस प्रवृत्तियों को रोकने के लिए सात्विक भावना और विचार से भागवत कथा सुनने की जरूरत है। इससे समाज में सभी प्रकार की कुरीतियों का खात्मा होगा।

## युवाओं ने बदला खुद को समय देने का तरीका, मंदिरों में मिल रहा सुकून

# आधुनिक तनाव का अध्यात्म से इलाज, मंदिरों में भक्ति-भजन से शांत हो रहा युवाओं का मन

रायपुर। तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में जब हर कोई दौड़ रहा है। कॅरियर, रिश्ते और सोशल मीडिया के बीच खुद को खो बैठा है। ऐसे में आज की युवा पीढ़ी फिर से अपनी जड़ों की ओर लौट रही है। तनाव, अकेलापन और भीतर की बेचैनी को शांत करने के लिए अब युवा भक्ति, ध्यान और भजन-कीर्तन में ध्यान लगा रहे हैं। जहां पहले युवाओं के लिए खाली समय का मतलब था शॉपिंग मॉल जाना, वेब सीरीज़ देखना या मोबाइल में खोए रहना, वहीं अब यह समय आध्यात्मिक स्थलों पर बिताना पसंद कर रहे हैं। हरिभूमि ने शहर में विभिन्न मंदिरों में बातचीत की। जहां शहर के बड़े मंदिरों में सालभर में 40 प्रतिशत से अधिक युवा वर्ग शामिल हैं। श्रीराम मंदिर, गुढ़ियारी हनुमान मंदिर, महादेव घाट, पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर और बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर जैसे धार्मिक स्थानों में रोजना दर्शन करने से लेकर अनुष्ठानों में शामिल होने युवाओं की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है।

#### भजन संध्याओं में युवाओं की भागीदारी



शाम ढलते जैसे ही मंदिरों में घंटियों की मधुर ध्वनि गूंजती है, वैसे ही मंदिर परिसर में मौजूद युवाओं के मन में भी शांति उतरने लगती है। शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों, जैसे श्रीराम मंदिर और गुढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार और शनिवार को आयोजित भजन संध्याओं में युवाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। कोई मधुर भजन गा रहा होता है, कोई ध्यान में मग्न होता है, तो कोई बस शांत बैठकर उस दिव्यता को महसूस कर रहा होता है।





#### मानसिक तनाव को भी दूर करने में सहायक

श्रीराम मंदिर व महामाया मंदिर में पहुंच रहे युवाओं का कहना कि यह केवल धार्मिकता नहीं है, बल्कि आत्म-संवाद और आंतरिक सुकून का माध्यम बन गया है। भक्ति गीतों और प्राचीन श्लोकों में वह ऊर्जा है, जो न सिर्फ मन को शांति देती है, बल्कि मानसिक तनाव को भी दूर करने में सहायक होती है। युवा यह महसूस करने लगे हैं कि अध्यात्म केवल बुजुर्गों का नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति की ज़रूरत है, जो जीवन में सच्ची शांति चाहता है।

#### इस वजह से भी बढ़ रही युवाओं की आस्था

मेंटल हेल्थ को ठीक करने के लिए अध्यात्म सहारा बन रहा है। कई युवा तनाव, अकेलापन और फोकस की कमी से जूझते हैं। मंदिरों की शांत और पवित्र ऊर्जा उन्हें मानसिक स्थिरता देती है। इसके अलावा सोशल मीडिया की भीड़ से दूर रहकर मंदिरों में वक्त बिताना मानसिक शांति का माध्यम बन रहा है। मंदिरों में भजन-कीर्तन के दौरान होने वाला सामूहिक माहौल युवाओं को पॉजिटिव सोच और सहयोग की भावना देता है। मंदिरों के पुजारियों का कहना है कि मंदिर अब सिर्फ पूजा स्थल नहीं, बल्कि आत्मिक ऊर्जा के केंद्र बनते जा रहे हैं। जहां युवाओं का मन, आत्मा और विचार सबकुछ जुड़ रहा है।

#### युवा वर्ग कर रहे कीर्तन सत्र

शहर के कई मंदिरों में युवा वर्ग विशेष कीर्तन सत्र, ध्यान योग और रामायण पाठ का आयोजन कर रहे हैं। सालासार मंदिर, श्रीराम मंदिर समेत कई हनुमान मंदिरों में भजन संध्या में युवाओं की प्रस्तुतियां शामिल की जा रही हैं। महामाया मंदिर के पुजारी ने बताया कि बीते कुछ वर्षों से युवा मंदिर में होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों में पहुंच रहे हैं। इसके अलावा हाटकेश्वर महादेव मंदिर में भी रोजाना बड़ी संख्या में युवा भगवान को जलाभिषेक करने पहुंच रहे हैं। मनोचिकित्सकों का कहना है कि युवाओं में बढ़ती आध्यात्मिक रुचि एक बहुत सकारात्मक संकेत है। यह न केवल मानसिक सेहत को सुधारता है, बल्कि आत्मविश्वास और जीवन के प्रति संतुलन भी देता है।

## समाज लाइव

### 85 पंडितों के मंत्रोच्चार व संतों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ महारूद्र यज्ञ



रायपुर। निमोरा गांव में अति महारूद्र यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें संतगण, दंडी स्वामी सहित बड़ी संख्या श्रद्धालु शामिल हुए। यज्ञ का प्रमुख संचालन श्री प्रमोद शास्त्रीजी द्वारा किया गया। यज्ञकर्ता के रूप में श्री रामप्रताप शास्त्रीजी उपस्थित थे। इस महायज्ञ में 85 विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत आहुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मूर्तिकार श्री पीलूराम साहू थे, जबकि संयोजन की जिम्मेदारी राजू शर्मा चेरिया ने निभाई। ग्राम पंचायत के सरपंच लुकेश कुमार साहू, पंचगण और आसपास के जनसेवकों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया।

#### शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरानंद हुए शामिल

इस आयोजन में विशेष उपस्थिति शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की रही। जिन्हें गो माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर संघर्षरत संतों में अग्रणी माना जाता है। उन्होंने यज्ञ की पूर्ण आहुति देकर कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। अभनपुर विधायक श्री इंद्रा साहू और पूर्व विधायक श्री धनेंद्र साहू ने भी इस आयोजन में भाग लिया। साथ ही इन्होंने यज्ञ में शामिल होकर धर्म और संस्कृति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

## सामाजिक संदेश और पारिवारिक भावनाओं से सजी 'सुहाग', 70 स्क्रीन पर एक साथ होगी रिलीज

### विधायक बनने के बाद पर्दे पर लौटे अनुज शर्मा, 18 को रिलीज़ होगी

रायपुर। बदलते दौर में छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री अब सामाजिक और पारिवारिक विषयों पर केंद्रित फिल्मों के जरिए दर्शकों का ध्यान फिर से आकर्षित कर रही है। इसी कड़ी में सुपरस्टार और पद्मश्री अनुज शर्मा की फिल्म 'सुहाग' 18 अप्रैल को रिलीज हो रही है। यह फिल्म प्रदेशभर के करीब 70 स्क्रीन पर प्रदर्शित होगी और पूरी तरह से पारिवारिक विषय पर आधारित है।

हरिभूमि से खास बातचीत में अनुज शर्मा ने बताया, करीब तीन साल बाद मेरी कोई फिल्म रिलीज हो रही है। विधायक बनने के बाद यह मेरी पहली फिल्म है, हालांकि इसकी शूटिंग विधानसभा चुनाव से पहले ही पूरी कर ली गई थी। अनुज शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री अब तेजी से आगे बढ़ रही है और दर्शकों में फिल्मों को लेकर उत्साह भी बढ़ा है। फिल्म 'सुहाग' के गानों को सोशल मीडिया और यूट्यूब पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, जिससे इसके रिलीज को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

#### वचन में बंधे मया की कहानी



बातचीत में उन्होंने बताया कि फिल्म सुहाग उन सात वचनों के महत्व को उजागर करती है, जो शादी के समय दो आत्माओं को जोड़ते हैं। आज के दौर में जहां रिश्ते अक्सर भ्रम और स्वार्थ के कारण टूटते जा रहे हैं, वहीं 'सुहागन' एक ऐसा भावनात्मक दर्पण है जो यह दिखाता है कि कैसे विश्वास, त्याग और समर्पण रिश्तों को मजबूत बनाते हैं। फिल्म में शादी के बाद एक स्त्री और पुरुष के बीच बढ़ते रिश्ते की बारीकियों को दिखाया गया है। जहां प्रेम सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि हर दिन निभाया जाने वाला एक वचन बन जाता है। यह कहानी बताती है कि एक सच्चा जीवनसाथी केवल सुख में नहीं, बल्कि कठिनाइयों में भी साथ निभाता है।'सुहागन' पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक सरोकारों और आज की बदलती सोच के बीच एक सेतु का कार्य करती है।

#### लगाव आज भी उतना ही गहरा है

अनुज शर्मा का कहना है कि विधायक बनने के बाद उनके जीवन में व्यस्तता ज़रूर बढ़ी है, लेकिन फिल्मों के प्रति उनका लगाव आज भी उतना ही गहरा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में फिल्म के कुछ गानों की शूटिंग बाकी थी, जिसे उन्होंने अपने कार्य से समय निकालकर पूरा किया। 'सुहाग' न केवल छत्तीसगढ़ी संस्कृति को दर्शाती है, बल्कि पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक संदेश को भी उजागर करती है।

#### फिल्में आती रहेंगी, एक्टिंग नहीं छोड़ूंगा

विधायक बनने के बाद भी अनुज शर्मा छत्तीसगढ़ी फिल्मों में एक्टिंग जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए विधायक बनना जनसेवा का कार्य है, लेकिन एक्टिंग मेरी आत्मा से जुड़ा है।जैसे एक किसान कभी खेती-किसानी नहीं छोड़ता, वैसे ही मैं एक्टिंग नहीं छोड़ सकता।' उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में भी दर्शकों को सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों से जुड़ी सार्थक छत्तीसगढ़ी फिल्में देखने को मिलती रहेंगी।

## भारतीय ज्ञान सिर्फ सूचना नहीं विश्व कल्याण की है बुनियादी शिक्षा

रायपुर । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख अनुशंसा - प्राथमिक शिक्षा में बुनियादी रूप से 'भारतीय ज्ञान परंपरा' के समावेश के अनुपालन में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर के संचालक दिव्या उमेश मिश्रा के दिशाबोध में अभिनव अकादमिक पहल की जा रही है। इसी कड़ी की शुरुआत करते हुए पहला व्याख्यान संपन्न हुआ। जिसमें भारतीय मिथकों के विशेषज्ञ और सुप्रसिद्ध रचनाकार, संस्कृतिविद् व भारत सरकार के प्रसार भारती दूरदर्शन के पूर्व उपमहानिदेशक श्री उद्भ्रांत (रमाकांत शर्मा, दिल्ली) शामिल हुए। मुख्य वक्ता श्री उद्भ्रांत ने कहा कि हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा दुनिया की सबसे अनूठी परंपरा है। जिसमें धर्मं, अध्यात्म, ज्ञान, विज्ञान कला, संस्कृति, जीवन का हर पहलू शामिल हैं। 'वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात पूरी वसुधा ही हमारी कुटुंब है, इस समग्रता में देखती है ।



#### केकुकुक कुक

भारतीय ज्ञान सिर्फ सूचना नहीं है, बल्कि यह उसे आत्म साक्षात्कार नैतिक उत्थान और विश्व कल्याण की बुनियादी शिक्षा है। यह प्रकृति, ब्रह्मांड, मानव जीवन और नैतिकता के गहरे सवालों से रूबरू कराती है। इसकी जड़ें केवल धर्म और अध्यात्म तक ही नहीं, बल्कि गणित, खगोल शास्त्र, चिकित्सा, योग, दर्शन, भाषा, साहित्य कला, सौंदर्यशास्त्र जैसे ज्ञान के सभी क्षेत्रों में गहरी धंसी हुई है।

#### ये रहे मौजूद


कार्यक्रम में एससीईआरटी के अकादमिक सदस्यों के अतिरिक्त शिक्षा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार शर्मा, डाइट रायपुर के प्राचार्य बी.एल. देवांगन एवं दोनों संस्थाओं के अकादमिक सदस्य तथा एम.एड, बी. एड, डी.एल.एड के छात्राध्यापक सम्मिलित थे। इस अवसर पर भिलाई के प्रसिद्ध शायर मुमताज सहित अन्य विशिष्ट व्यक्ति भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एससीईआरटी के सहा. प्राध्यापक सुशील राठोड़ द्वारा किया गया। अंत में श्री उद्भ्रांत जी का तीनों अकादमिक संस्थाओं की ओर से स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर स्वागत किया गया। डाइट प्राचार्य बी. एल. देवांगन द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## स्त्रियों की जिस घर में पूजा नहीं होती, वहां देवताओं का वास भी नहीं होता, परित्याग करती हैं लक्ष्मी

### अनुपम नगर में जारी है गणेश सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा

रायपुर। संसार में स्त्रियां जगदम्बा भगवती दुर्गा देवी का स्वरूप हैं। इनको देवी का चल और प्रत्यक्ष रूप माना जाता है। जब स्त्री बच्ची के स्वरूप में होती हैं तो उनका कुमारी के रूप में पूजन होता है। जब वह युवा होती हैं, तो षोडशी त्रिपुर सुन्दरी का रूप माना जाता है। जब वह विवाहित हो जाती है तो सुवासिनी राज राजेश्वरी के रूप में उनकी पूजा होती है। वृद्धा या विधवा हो जाने पर उन्हें धूमावती के रूप में देखा जाता है। सनातन धर्म में स्त्री हमेशा पूज्य रही हैं, उन्हें देवी का साक्षात स्वरूप माना जाता है। स्त्रियों का पूजन जहां नहीं होता है, वहां देवता निवास नहीं करते और लक्ष्मी उस घर का ही परित्याग कर देती हैं।





#### मिलता है प्रथम गुरु का संबोधन

अनुपम नगर में गणेश सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा को विस्तार देते हुए बुधवार को यह बात शंकराचार्य के शिष्य डॉ. स्वामी इन्दुभवानन्द महाराज ने श्रोताओं के बीच कही। उन्होंने बताया कि दरिद्रता वहां निवास करने लगती है। स्त्रियों के पूजन से घर में लक्ष्मी की प्रतिष्ठा होती है। जिस घर में स्त्रियों का अपमान होता है, उस घर की शान्ति, शोभा नष्ट हो जाती है। सनातन वैदिक धर्म में प्रथम गुरु स्त्री होती है।

#### परिवार की धुरी होती हैं स्त्रियां

बड़ी विडंबना है कि प्रत्येक घर में माता- बहनों का अपमान हो रहा है। भोग विलासा के कारण परिवार बिखर रहे हैं। स्त्री ही परिवार की धुरी होती है। स्त्री के होने से ही परिवार और घर बनते हैं। वृक्ष के मूल में जब स्त्री रहती है तो वृक्ष का मूल भी घर कहलाता है। स्त्री के सम्मान से ही सनातन धर्म बच सकता है। कथा के पूर्व गणेश मंदिर समिति के सचिव प्रकाश जोशी और मंदिर के प्रधान पुजारी विनय तिवारी ने पोथी पूजन किया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### पहली पारी में बढ़त के आधार पर रायपुर ब्लू बना विजेता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीम हिस्सा ले रही है। 13 से 16 अप्रैल इस प्रतियोगिता का फायनल मैच खेला गया। इसमें रायपुर ब्लू ने सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का फाइनल जीत लिया। प्रतियोगिता का चार दिवसीय फायनल मैच रायपुर ब्लू एवं भिलाई के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने करते हुये अपनी पहली पारी में 171 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 564 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से अनुराग साहु ने सर्वाधिक नाबाद 174 रन बनाये साथ ही आशीष कुमार डहरीया ने 129 रन तथा अवनीश सिंह धालीवाल ने 114 रनों का योगदान दिया। वहीं भिलाई की ओर से हर्ष शर्मा ने 4 विकेट तथा गर्व कुमार सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किए।

भिलाई ने अपनी पहली पारी में 131.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 348 रन बनाये। भिलाई की ओर से साहिल रजत शरीफ ने 98 रन तथा गर्व कुमार सिंह ने 64 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से ऋषि शर्मा एवं गौरव चतुर्वेदी ने 4-4 विकेट प्राप्त किये। मैच की समाप्ति तक रायपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 19।1 ओवरों में 2 विकेट खोकर 134 रन बना लिये है। रायपुर ब्लू की ओर से अनुराग साहु ने नाबाद 72 रनों का योगदान दिया। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। रायपुर ब्लू ने पहली पारी की बढत के आधार पर जीत प्राप्त की।

### टी-20 स्पर्धा के लिए सीएसबी ने घोषित की सूची



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा मेंस सीनियर टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 18 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के विभिन्न मैदानों में होगा। जिसमें क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा 11 अप्रैल को सीनियर टी-20 के लिए ट्रायल लिया गया। इसके पश्चात चयनकर्ता देवेंद्र सिंह, सुशांत शुक्ला, अभिषेक सिंह और शैलेश सैमुअल ने खिलाड़ियों का चयन कर उनके मध्य पांच सलेक्शन मैच का आयोजन किया। मैच में किए गए खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट के लिए बिलासपुर ब्लू टीम की घोषणा कर दिया गया। बिलासपुर ब्लू टीम में अनुज सिंह, सनी पांडे, वासुदेव बरेठ, मृणाल बोराल, रोहित नेतानी, अखिलेश शर्मा, ओम वैष्णव, शुभम यादव, दीपक सिंह बघेल, आर्यन जायसवाल, अतुल पाल, मोहम्मद शाहबाज हुसैन, इम्तियाज़ खान (कप्तान) विनय खंडेलवाल, परिवेश धर, आशीष पांडे और जी श्रीकांत का चयन किया गया है। टीम के कोच सुशांत शुक्ला होंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर टी-20 प्रतियोगिता में कुल 14 जिला भाग ले रही है जिसमें कुल चार ग्रुप बनाए गए हैं ए, बी, सी और डी। जिसमें बिलासपुर ब्लू ग्रुप ए में है इसके अलावा ग्रुप ए में कोरिया और सरगुजा है।

बिलासपुर ब्लू अपना पहला मैच 18 अप्रैल को रायपुर के आरडीसीए मैदान में कोरिया के मध्य खेलेगा और दूसरा मैच 20 अप्रैल को सरगुजा के विरुद्ध होगा। बिलासपुर ब्लू की टीम 17 अप्रैल को शाम को रायपुर के लिए रवाना होगी। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।

### स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप में एसईसीआर ने आई लीग 3 के लिए किया क्वालीफाई



**रायपुर।** चौथा सीनियर मेंस स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप इस साल की शुरूआत में जनवरी माह से खेली जा रही है। स्पर्धा राज्य के अलग अलग मैदानों में 8 टीमों के बीच हुए 14 मुकाबलों में एसईसीआर बिलासपुर की टीम ने 10 मैच जीतते हुए 32 अंक अर्जित किये। टीम ने टेबल टॉप करते हुए आगामी राष्ट्रीय आई लीग 3 मुकाबलों के लिए क्वालीफाई किया है। एसईसीआर के सीनियर डीसीएम और क्रीड़ा अधिकारी अनुराग जी, स्पोर्ट्स अफसर डीजीएम समीर कांत माथुर, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी सीएमएम नवीन सिंह व डिविशनल स्पोर्ट्स सचिव अमरनाथ सिंह ने पुरी टीम को इस खास उपलब्धि के लिए बधाई दी है। जिला फुटबॉल संघ के सभी पदाधिकारियों ने भी इस मौके पर हर्ष व्यक्त किया।

## कहीं खराब तो नहीं हो रहा आपका लिवर, तुरंत कराएं जांच

# पेट में अक्सर बना रहता है भारीपन और पैरों में रहती है सूजन, तो अपने लिवर की सेहत को लेकर हो जाएं चौकन्ना

अल्कोहल के अत्यधिक सेवन, मोटापे, हाई कोलेस्ट्रॉल और टाइप 2 डायबिटीज की वजह से फैटी लिवर का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। कुछ सालों पहले तक फैटी लिवर की बीमारी मुख्य रूप से वृद्धों को प्रभावित करती थी, लेकिन अब यह 20 और 30 की उम्र के युवाओं को भी प्रभावित कर रही है। लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी ने कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को काफी बढ़ा दिया है। इसका संपूर्ण स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर-किडनी सहित कई अंगों की बढ़ती बीमारियों के लिए भी इसे एक कारण माना जा सकता है। लिवर की बढ़ती बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ अलर्ट करते हैं। लिवर से संबंधित समस्याओं पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो इसके जानलेवा दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। लिवर की बढ़ती बीमारियों के बारे में लोगों को अलर्ट करने और इससे बचाव को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस मनाया जाता है। डॉक्टर कहते हैं, युवाओं में फैटी लिवर की दिक्कत तेजी से बढ़ती जा रही है। फैटी लिवर (हेपेटिक स्टीटोसिस) होने पर लिवर की कोशिकाओं में अतिरिक्त फैट जमा हो जाता है। सही इलाज न मिलने पर यह बीमारी फाइब्रोसिस, सिरोसिस और यहां तक कि लिवर कैंसर का रूप ले लेती है। इसके गंभीर मामलों में लिवर सामान्य काम करना बंद कर देता है, जिसके बाद लिवर ट्रांसप्लांट ही एकमात्र विकल्प बचता है। इस बीमारी का कोई सटीक उपचार नहीं हैं, लेकिन जीवनशैली और खानपान में कुछ बदलाव करके इसके नुकसान को रोकने या ठीक करने में मदद मिल सकती है।



### क्यों बढ़ती जा रही है लिवर की ये समस्या

अल्कोहल के अत्यधिक सेवन, मोटापे, हाई कोलेस्ट्रॉल और टाइप-2 डायबिटीज की वजह से फैटी लिवर का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इसके अलावा अधिक मात्रा में तेल और वसा युक्त भोजन करने, शरीर का वजन अधिक होने, इंसुलिन प्रतिरोध होने पर, रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स का उच्च स्तर, तेजी से वजन कम होने से भी फैटी लिवर हो सकता है।

### कहीं आपको भी तो नहीं हो रही हैं ये दिक्कतें



फैटी लिवर होने पर पेट के ऊपरी दाहिने भाग में हल्का दर्द या बेचैनी महसूस हो सकती है। इसके अलावा पेट में भारीपन और जल्दी थकान एवं कमजोरी महसूस करना, भूख न लगना, त्वचा और आंखों का पीला पड़ना, वजन कम होना, पीलिया, पेट, पैरों और पंजों में सूजन दिखाई दे सकती है। यदि आप इन लक्षणों का अनुभव कर रहे हैं तो चिकित्सक से सलाह जरूर लें।

फैटी लिवर से बचने के लिए आप फल, सब्जियां, साबुत अनाज, प्रोटीन और स्वस्थ वसा से भरपूर संतुलित आहार का सेवन करें। मीठे पेय पदार्थों, मिठाइयों और उच्च ट्रांस वसा वाले प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें। फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों, जैसे- फलियां, और साबुत अनाज लिवर की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इसके अलावा एवोकाडो, नट्स, बीज को आहार में शामिल करें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। अधिक से अधिक ताजा जूस, जैसे- नारियल पानी या नींबू पानी पीएं।

### लिवर को स्वस्थ रखने के लिए इन बातों पर भी दें ध्यान



तेजी से वजन घटाने से फैटी लिवर की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए आहार और व्यायाम से प्रति सप्ताह 1-2 पाउंड वजन धीरे-धीरे और स्थायी रूप से घटाने का लक्ष्य रखें। शरीर के वजन में 5-10 प्रतिशत की कमी भी लिवर के स्वास्थ्य में काफी सुधार कर सकती है। इसलिए धीरे-धीरे वजन घटाने के तरीकों को अपनाएं। नियमित व्यायाम, जैसे-तेज चलना, साइकिल चलाना या तैराकी जरूर करें।

अल्कोहल का सेवन न करें। दवाओं का इस्तेमाल निर्देशानुसार करें और उन दवाओं से बचें, जो लिवर को नुकसान पहुंचा सकती हैं।



# आपकी वर्कआउट परफार्मेंस को बेहतर बना सकता है मेडिटेशन

अगर आप अपनी वर्कआउट परफार्मेंस को बेहतर बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आपको हर दिन मेडिटेशन भी जरूर करना चाहिए। इससे यकीनन आपको काफी फायदा मिलेगा। जब भी वर्कआउट परफार्मेंस को बेहतर बनाने की बात आती है, तो लोग सबसे पहले अपनी डाइट, सप्लीमेंट्स या फिर एक्सरसाइज़ रूटीन को बदलने पर फोकस करते हैं। लेकिन वर्कआउट परफार्मेंस को बेहतर बनाने का एक ऐसा असरदार तरीका भी है, जिसके बारे में अधिकतर लोग जानते ही नहीं हैं या फिर जानकर भी उसे नजरअंदाज कर देते हैं। जी हां, यह तरीका है मेडिटेशन।

मेडिटेशन को अमूमन आत्मिक शांति के लिए जाना जाता है, लेकिन यह बहुत ज्यादा पावरफुल है। साधारण-सा नजर आने वाला मेडिटेशन, जिसमें आप बस शांति से बैठकर सांसों पर ध्यान देते हैं, वास्तव में आपके लिए बहुत अधिक असरदार साबित हो सकता है। यह आपकी ताकत बढ़ाने से लेकर आपको जल्दी रिकवर करने में मदद कर सकता है। सुनने में शायद आपको अजीब लग सकता है, लेकिन सच यही है। मेडिटेशन को हम सभी सिर्फ रिलैक्सेशन के लिए नहीं है। बल्कि यह आपको बेहतर फोकस करने, स्ट्रेस को कंट्रोल में रखने, मेंटल स्ट्रेंथ को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। तो चलिए आज इस लेख में पावरलिफ्टिंग में नेशनल रिकॉर्ड होल्डर और



एनीटाइम फिटनेस के फिटनेस ट्रेनर विनय माहौर आपको बता रहे हैं कि मेडिटेशन वर्कआउट परफार्मेंस को बेहतर बनाने में किस तरह मददगार है-

### बढ़ता है फोकस

वर्कआउट परफार्मेंस को बेहतर बनाने के लिए सबसे जरूरी है कि आपका पूरा ध्यान सिर्फ अपने वर्कआउट पर हो। इससे आपको माइंड और बॉडी का कनेक्शन बनाने में मदद मिलती है। लेकिन हम सभी के साथ ऐसा होता है कि वर्कआउट करते समय ध्यान भटकता है। उस समय हम काम से लेकर परिवार या फिर कुछ और सोच रहे होते हैं। जिससे कहीं ना कहीं परफार्मेंस पर असर पड़ता है। लेकिन, मेडिटेशन आपके दिमाग को उस वर्तमान पल में रहने की ट्रेनिंग देता है, जिससे आप अपने बॉडी मूवमेंट्स पर ज्यादा ध्यान दे सकते हैं, सही तरीके से सांस ले सकते हैं और सही फॉर्म में एक्सरसाइज कर सकते हैं। इससे आप अपने वर्कआउट से बेहतर रिजल्ट पाते हैं क्योंकि आप पूरी तरह उसमें लगे रहते हैं।

### तनाव होता है कम

मेडिटेशन तनाव को कम करके मसल्स को जल्दी रिकवर करने में भी मदद करता है। दरअसल, जब आप तनाव में होते हैं, तो आपका शरीर कॉर्टिसोल नाम का एक हॉर्मोन रिलीज़ करता है। अगर यह ज्यादा बनता है, तो आपकी मसल्स को एक्सरसाइज के बाद रिकवर होने में दिक्कत हो सकती है। लेकिन मेडिटेशन करने से तनाव कम होता है, जिससे शरीर को वर्कआउट के बाद जल्दी रिकवर होने में मदद मिलती है।



### वर्कआउट मोटिवेशन को बढ़ाए

अक्सर यह देखने में आता है कि लोग एक्सरसाइज करना तो शुरू करते हैं, लेकिन अपने रूटीन को बीच में ही छोड़ देते हैं या फिर एक बार ब्रेक लेने के बाद दोबारा वर्कआउट रूटीन शुरू करने में आलस आता है।

# फ्रिज की यह सेटिंग पानी की बोतल जल्दी कर देगी ठंडा, तुरंत आजमाएं ये टिप्स



कितनी बार ऐसा होता है कि ठंडा पानी चाहिए, लेकिन फ्रिज की बोतलें ठंडी ही नहीं होती हैं। ऐसे में चलिए आज एक ऐसी सेटिंग जान लीजिए, जो फ्रिज में रखी बोतलों को जल्दी ठंडा करने का काम करती है।

### क्या होनी चाहिए फ्रिज की सेटिंग?

हर फ्रिज में टेंपरेचर को कंट्रोल करने के लिए नॉब या डिजिटल कंट्रोल होता है। गर्मियों में फ्रिज का तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस के बीच रखना सबसे अच्छा होता है। अगर आपको पानी की बोतल बहुत जल्दी ठंडी करनी है, तो तापमान को सबसे कम सेटिंग पर सेट करें। बस इतना ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा ठंडक से कुछ चीजें जम भी सकती हैं, इसलिए कुछ घंटों बाद तापमान को न्यूट्रल करें।

### पानी की बोतल को फ्रिज में सही जगह रखें

फ्रिज में हर कोने का टेंपरेचर एक जैसा नहीं होता। कुछ कोनों पर ज्यादा ठंडक होती है और कुछ जगह कम ठंडी होती हैं। पानी की बोतल को फ्रिज के पीछे वाले हिस्से में रखें, क्योंकि वहां कूलिंग कॉइल के पास ज्यादा ठंडक होती है। बोतल को शेल्फ पर रखने से भी वह जल्दी ठंडी होती है। वहीं, सबसे ज्यादा लोग बोतलों को फ्रिज के स्ट्रैड ड्रॉअर में रखते हैं। बार-बार फ्रिज खोलने से उस जगह का तापमान बदलता रहता है, इसलिए बोतलों को वहां न लिखें।

### डीप फ्रीजर का भी करें उपयोग

अगर आपको बोतल तुरंत ठंडी करनी है, तो आप उसे डीप फ्रीजर में कुछ समय के लिए रख सकते हैं। बोतल को फ्रीजर में 10-15 मिनट के लिए रखें। इससे पानी बहुत तेजी से ठंडा हो जाएगा।

### कांच और स्टील की बोतल में रखें पानी

कौन-सी बोतल आप फ्रिज में रख रहे हैं, इसका भी ध्यान रखें। जैसे, स्टील की बोतलें जल्दी ठंडी होती हैं और पानी को ज्यादा समय तक ठंडा रखती हैं। कांच की बोतलें भी ठंडी होती हैं लेकिन ज्यादा समय लगाती हैं। प्लास्टिक की बोतलें सबसे ज्यादा इस्तेमाल होती हैं, लेकिन ये देर से ठंडी होती हैं और बाहर रखने पर यह जल्दी गर्म हो जाती हैं।

### फ्रिज को जरूरत से ज्यादा न भरें

अगर फ्रिज में बहुत ज्यादा सामान भरा हुआ है, तो फ्रिज टेंपरेचर को ठंडा करने में टाइम लगाता है। अगर आपको बोतलें जल्दी ठंडी करनी हैं, तो फ्रिज को बहुत ज्यादा भरकर न रखें। पानी की बोतलों के बीच थोड़ा गैप रखें ताकि ठंडी हवा उन पर आसानी से लग सके। इसके अलावा पानी की बोतल पर गीला कपड़ा लपेटकर उसे फ्रिज में रखने से वो जल्दी ठंडी होती हैं। इसी तरह आप एक कटोरे में बर्फ और नमक रखें और उसमें पानी की बोतल रखेंगे, तो पानी जल्दी ठंडा होगा। अगली बार फ्रिज की इन सेटिंग्स पर आप भी ध्यान देंगे, तो ठंडा पानी इंस्टेंटली पा सकेंगे।

# क्या शमी का पौधा घर के ईशान कोण में रखना ठीक है



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शमी का पौधा भगवान शनि से जुड़ा हुआ है और उनकी कृपा पाने के लिए इसे घर में लगाना शुभ माना जाता है। यही कारण है कि इसे विशेष रूप से शनिवार को पूजनीय माना जाता है और कई लोग इसे अपने घर या व्यापार स्थल पर लगाते हैं। लेकिन शमी का पौधा घर की सही दिशा में लगाना जरूरी होता है। ऐसे में एक सवाल यह उठता है कि क्या शमी का पौधा ईशान कोण में लगाना ठीक है? वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर का हर कोना अलग-अलग ऊर्जाओं से प्रभावित होता है। ईशान कोण जिसे उत्तर-पूर्व दिशा भी कहा जाता है, यह सकारात्मक ऊर्जा और देवताओं का स्थान माना जाता है, जबकि शमी का पौधा शनि ग्रह से संबंधित होता है, जिसकी ऊर्जा ईशान कोण के लिए उपयुक्त नहीं मानी जाती। इसलिए, इसे सही दिशा में लगाने से घर में शुभ फल मिलते हैं, लेकिन गलत दिशा में रखने से नकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी दे जानें कि शमी का पौधा ईशान कोण में लगाने से क्या होता है। ज्योतिषीय दृष्टि से, शमी का पौधा शनि दोष, साढ़ेसाती और राहु-केतु के अशुभ प्रभाव को कम करने में सहायक होता है। यदि कुंडली में शनि की दशा प्रतिकूल हो, तो प्रत्येक शनिवार शमी के पेड़ पर जल चढ़ाने और इसकी पूजा करने से शनि देव की कृपा प्राप्त होती है। इसे घर में लगाने से वास्तु दोष समाप्त हो सकता है और आर्थिक समृद्धि बढ़ती है। कई लोग शमी की टहनी को शुभ मानकर इसे घर के प्रवेश द्वार पर भी लगाते हैं। शमी का पौधा न केवल धार्मिक बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी लाभकारी माना जाता है। शमी का पौधा ईशान कोण में क्यों नहीं लगाना चाहिए। शमी का पौधा हिंदू धर्म और ज्योतिष शास्त्र में शुभ माना जाता है, लेकिन इसे लगाने की दिशा का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, शमी के पौधे को ईशान कोण में लगाने से नकारात्मक प्रभाव बढ़ सकते हैं, जो घर के सुख-समृद्धि और शांति को प्रभावित कर सकते हैं। ईशान कोण देवताओं और जल तत्व से जुड़ा होता है। यह स्थान घर में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।











## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एम्बर हर्ड मानहानि मुकदमे के बाद काम पर जुटे जॉनी डेप, छह साल बाद करेंगे वापसी



हॉलीवुड अभिनेता जॉनी डेप अपनी आगामी फिल्म 'डे ड्रिंकर' के साथ इंडस्ट्री में वापसी कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मार्क वेब ने किया है। लायंसगेट ने फिल्म का निर्माण शुरू कर दिया है। अब लायंसगेट ने हाल ही में अभिनेता की पहली झलक जारी की है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

'डे ड्रिंकर' के इस दमदार लुक में जॉनी डेप एक मैच्योर, रहस्यमय अंदाज में नजर आ रहे हैं। उन्हें एक डबल-ब्रेस्टेड नेवी ब्लेजर और हल्के नीले रंग की शर्ट पहने हुए देखा गया। उनकी दाढ़ी ने भी फैंस का ध्यान आकर्षित किया। व्हिस्की ऑन द रॉक्स जैसा दिखने वाला क्रिस्टल ग्लास पकड़े हुए डेप का लुक फिल्म के दिलचस्प शीर्षक के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। 'डे ड्रिंकर' जॉनी डेप की हॉलीवुड में बहुप्रतीक्षित वापसी है। यह वापसी अभिनेता अपनी पूर्व पत्नी एम्बर हर्ड के साथ लंबी कानूनी लड़ाई के बाद कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ पेनलोप क्रूज भी हैं, जो 'ब्लो', 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियनः ऑन स्ट्रेंजर टाइड्स' और 'मर्डर ऑन द ओरिएंट एक्सप्रेस' जैसी फिल्मों में उनकी सह-कलाकार रही हैं। '500 डेज ऑफ समर' और 'स्नो व्हाइट' का निर्देशन करने वाले मार्क वेब ने कहा, 'मैं जॉनी, मैडलिन, पेनलोप और इस अविश्वसनीय कलाकारों के साथ निर्माण शुरू करने के लिए उत्साहित हूं।' थंडर रोड के बेसिल इवानिक और एरिका ली द्वारा निर्मित 'डे ड्रिंकर' में मनु रोस, अर्न पाइपर, जुआन डिएगो बोटो और अनिका बॉयल भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

### टॉलीवुड

## धनुष की 'कुबेर' का नया पोस्टर जारी पहले गाने के साथ शुरू होगा प्रमोशन



साउथ अभिनेता धनुष इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। धनुष की आगामी फिल्मों में 'इडली कड़ाई' से लेकर 'तेरे इश्क में' और 'कुबेर' शामिल हैं। आज फिल्म निर्माताओं ने 'कुबेर' फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें धनुष अपने अंदाज में डांस स्टेप करते दिखाई दे रहे हैं। यह गाना किस दिन रिलीज होगा, इसे लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है। धनुष इन दिनों निर्देशक शेखर कम्मुला के साथ मिलकर 'कुबेर' नाम की फिल्म में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में धनुष के अलावा नागार्जुन और रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह एक एक्शन फिल्म होगी। खबर के अनुसार, धनुष की आगामी फिल्म 'कुबेर' की रिलीज से पहले इसके प्रमोशन की तैयारी चल रही है। इसीलिए निर्माताओं ने 'कुबेर' के प्रमोशन के लिए इसका पहला गाना लॉन्च करने की तैयारी शुरू कर दी है। निर्माताओं ने आज देवी श्री प्रसाद द्वारा रचित इस गाने को 20 अप्रैल, 2025 को रिलीज की जाने की घोषणा की है। धनुष के स्टाइलिश डांस स्टेप के साथ फिल्म कुबेर का एक और नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें धनुष अपने स्टाइलिश अंदाज में डांस स्पेट करते दिखाई दे रहे हैं। एक्स पर इस पोस्टर के साथ लिखा, 'धनुष 'संभवम' लोड हो रहा है 20 अप्रैल को, कुबेरा के साथ - पहला सिंगल'

धनुष की फिल्म 'कुबेर' एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस साउथ फिल्म में बॉलीवुड अभेनिता जिम सर्भ भी अहम रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण सुनील नारंग और पी. राम मोहन राव शेखर कम्मुला के एमिगोस क्रिएशंस बैनर तले किया जा रहा है। यह फिल्म 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## मनीषा को आया ब्लू ड्रम वाले गाने पर गुस्सा, बोलीं, 'शर्म आनी चाहिए...'



मेरठ में हुए सौरभ हत्याकांड को लेकर सोशल मीडिया पर काफी समय से फनी वीडियो बनाए जा रहे थे। हाल ही में इसी हत्याकांड से प्रेरित होकर एक भोजपुरी गाना भी बनाया गया है। इस बात से इंफ्लुएंसर मनीषा रानी काफी नाराज हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की है।

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर टेलीकास्ट हुए रियालिटी शो 'बिग बॉस 2' से मशहूर हुईं इंफ्लुएंसर मनीषा रानी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, उसमें वह कंटेंट क्रिएट करने वाले लोगों पर काफी गुस्सा हैं। दरअसल, कुछ समय से सोशल मीडिया पर नीले ड्रम को लेकर कई तरह के फनी वीडियो देखने को मिले। हाल ही में एक भोजपुरी गाना भी नीले ड्रम को लेकर बनाया गया है। इस नीले ड्रम का कनेक्शन मेरठ में हुए सौरभ मर्डर केस से है। मेरठ में एक पत्नी ने अपने पति को प्रेमी के साथ मिलकर मारा और फिर नीले ड्रम में डालकर ऊपर से सीमेंट डाल दिया। मनीषा ने जैसे ही इस घटना को आधार बनाकर बनाए गए भोजपुरी गाने को देखा तो वह बहुत दुखी हुईं। वह ऐसा कंटेंट क्रिएट करने वालों को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए खरी-खोटी सुनाती दिखीं। जानिए, मनीषा रानी ने क्या कहा? मनीषा रानी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई वीडियो में कहती हैं, 'मैंने अभी एक भोजपुरी गाने का वीडियो देखा 'ड्रम में राजा'। यह गाना मेरठ में हुए हत्याकांड से प्रेरित है।

### फ्रेंच जलवा

मौजूदा दौर में फ्रेंच फैशन टिकाऊ और नैतिक रुझान, आरामदायक कपड़े और क्लासिक तथा आधुनिक शैलियों का मिश्रण ज्यादा लोकप्रिय है। अब स्ट्रीट वियर और एथलीजर कपड़े भी तेजी से पसंद किए जा रहे हैं। दरअसल, यूरोपीय संघ टिकाऊ और डिजाइनर कपड़ों के लिए एक रणनीति के साथ काम कर रहा है ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना हरित वस्त्र क्षेत्र का निर्माण किया जा सके।



लाइफ स्टाइल

## नेकलाइन के हिसाब से करें अपना दुपट्टा स्टाइल

अक्सर हम अपने इंडियन और वेस्टर्न आउटफिट के साथ दुपट्टे को स्टाइल करना पसंद करती हैं। यह आपके पूरे लुक को बदल सकता है या फिर उसे थोड़ा फीका भी कर सकता है। दुपट्टे की मदद से एक स्टनिंग लुक पाने के लिए जरूरी है कि आप उसे सही तरह से स्टाइल करें। यूं तो दुपट्टे को कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल किया जा सकता है। लेकिन अगर आप अपने लुक को परफेक्ट टच देना चाहती हैं तो ऐसे में आपको अपने आउटफिट की नेकलाइन को ध्यान में रखकर उसे स्टाइल करना चाहिए। आउटफिट की नेकलाइन के अनुसार जब दुपट्टे को स्टाइल किया जाता है तो इससे आपको एक स्टेटमेंट लुक मिलता है। चाहे आप वी-नेक पहन रही हों, स्वीटहार्ट नेकलाइन या फिर हाई नेक, दुपट्टा या तो उसे उभार सकता है या फिर पूरी तरह छिपा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि अपने आउटफिट की नेकलाइन के अनुसार आप दुपट्टे को किस तरह स्टाइल करें-

### बोट नेक आउटफिट

बोट नेक यकीनन आपके आउटफिट को एक स्टनिंग लुक देती है। यह नेकलाइन चौड़ी और एलीगेंट होती है और इसे छिपाने की ज़रूरत नहीं होती। ऐसी नेकलाइन के साथ आप साइड ड्रेप, एल्बो टक दुपट्टा ड्रेप कर सकती है। साइड ड्रेप के लिए दुपट्टे को एक कंधे पर रख दें, और दूसरा सिरा पीछे छोड़ दें। यह बहुत ही लाइट और स्टाइलिश लगेगा। वहीं, एल्बो टक करने के लिए आप दुपट्टे को दोनों कंधों पर रखें और उसे कोहनियों पर टिकने दें। यह बहुत ही ग्रेसफुल लगेगा। कभी



भी बोट नेक आउटफिट के साथ दुपट्टे को पहनते समय गले को पूरी तरह ना ढकें। इससे आपका लुक हैवी लग सकता है।

### वी-नेक आउटफिट

वी-नेक आपको एक शार्प और लम्बा लुक देते हैं, इसलिए इस डिटेल को न छिपाएं। इसके साथ आप वन साइड लूज ड्रेप या पिन सेंटर ड्रेप लुक काफी अच्छा लगेगा। वन साइड लूज ड्रेप लुक के लिए इसे एक कंधे पर ड्रेप करें और फिर इसे ऐसे ही खुला रहने दें। वहीं, पिन सेंटर ड्रेप करने के लिए आप चेस्ट के मिडिल में पिन करें, ताकि यह वी को फ्रेम करें।

## बेसिक कुर्ते से भी क्रिएट किया जा सकता है स्टाइल स्टेटमेंट



हम सभी अपने वार्डरोब में कई तरह के आउटफिट्स को जगह देते हैं। इन्हीं में से एक है सिंपल कुर्ता, जो पहनने में तो बहुत ज्यादा कंफर्टेबल होता है, लेकिन सिंपल होने की वजह से ऐसे ही अलमारी में पड़ा रहता है। हमें लगता है कि ये कुर्ता सिंपल होने की वजह से हमारे लुक को फीका बना सकता है। हालांकि, यहां आपको यह भी समझने की जरूरत है कि स्टाइलिश दिखने के लिए हर बार महंगे और नए आउटफिट खरीदने की जरूरत नहीं होती है, बल्कि आपको अपने हर आउटफिट को सही तरह से और अलग-अलग तरीके से स्टाइल करना आना चाहिए। बस थोड़ी सी क्रिएटिविटी, सही एक्सेसरीज़, लेयरिंग और कॉन्फिडेंस की मदद से आप अपने उसी सिंपल से कुर्ते को भी ट्रेंडी बना सकती हैं। आप इस कुर्ते को ब्रंच डेट से लेकर केजुअल्स, यहां तक कि किसी खास अवसर पर भी पहन सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही स्टाइलिंग आइडियाज के बारे में बाता रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपने सिंपल कुर्ते में भी स्टेटमेंट लुक क्रिएट कर सकती हैं-



### सही तरह के करें लेयरिंग

अगर आप एक सिंपल कुर्ते को एक स्टनिंग तरीके से स्टाइल करना चाहती हैं तो ऐसे में लेयरिंग करना यकीनन एक अच्छा विचार है। लेयरिंग करने के लिए आप एक लंबा प्रिंटेड श्रग, डेनिम जैकेट या स्लीवलेस एथनिक जैकेट पहनें। यह आपके लुक को अधिक स्टाइलिश बनाता है। इसी तरह, फ्यूजन ट्विस्ट के लिए कुर्ते के साथ ओवरसाइज्ड शर्ट को भी स्टाइल किया जा सकता है।

### बॉटम्स को लेकर हों एक्सपेरिमेंटल

सिंपल कुर्ते में स्टेटमेंट लुक क्रिएट करने के लिए आप बॉटम्स के साथ भी एक्सपेरिमेंटल हो सकती हैं। मसलन, आप सिंपल कुर्ती के साथ प्लेन लेगिंग की जगह धोती पैंट, प्रिंट वाले पलाज़ो या फ्लेयर्ड शरारा पहन सकती हैं। इसमें आपका लुक बेहद ही खास नजर आएगा।

## बालों को इस तरह दें कोलेजन ट्रीटमेंट, बढ़ने लगेगी लंबाई

लंबे बालों का शौक तो हर महिला को होता है।अपनी खूबसूरती से वो कभी भी समझौता नहीं करती हैं। इसलिए सबसे ज्यादा वो अपनी त्वचा और बालों की देखभाल करती हैं। वैसे तो लंबे बालों का शौक हर महिला को होता है, मगर हर किसी के बाल जल्दी लंबे नहीं होते हैं। दरअसल, इसके पीछे कई वजह हैं। पहली तो यही है कि न तो आजकल का खानपान ऐसा है और न ही बालों की उचित देखभाल करने के लिए लोगों के पास समय है। ऐसे में बालों की ग्रोथ बहुत धीमी हो जाती है। वैसे बाजार में बालों की अच्छी ग्रोथ के लिए बहुत सारे प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट्स हैं। बालों की ग्रोथ के लिए कोलेजन ट्रीटमेंट भी एक लोकप्रिय और प्रभावी तरीका है। आप घर पर भी बालों को कोलेजन ट्रीटमेंट दे सकती हैं।

### कोलेजन ट्रीटमेंट के फायदेः

कोलेजन बालों को जड़ से मजबूत करता है, जिससे बालों के झड़ने की समस्या कम हो जाती है। कोलेजन ट्रीटमेंट से बाल अधिक चमकदार हो जाते है, जिससे वे स्वस्थ और सुंदर दिखते हैं।कोलेजन ट्रीटमेंट बालों की



ग्रोथ को प्रमोट करता है और नए बालों के विकास को बढ़ावा देता है। कोलेजन ट्रीटमेंट से रूखे और क्षतिग्रस्त बालों को रिपेयर किया जा सकता है।

### लहसुन से कोलेजन ट्रीटमेंट


लहसुन का हेयर पैक बालों की ग्रोथ से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में बहुत उपयोगी हो सकता है। यह बालों के झड़ने को कम करने, बालों को मजबूत बनाने और डैंड्रफ को कम करने में मदद करता है।

## गर्मियों में चेहरे पर इन किचन इंग्रीडिएंट्स को लगाने से बचें

गर्मी में हम सभी की स्किन अतिरिक्त केयर मांगती है। इस मौसम में तेज धूप, टैनिंग और पसीना आपकी स्किन को परेशान कर सकता है। ऐसे में अपनी स्किन की देखभाल करने के लिए हम कुछ घरेलू उपाय अपनाते हैं और इसके लिए कुछ किचन इंग्रीडिएंट का सहारा लेते हैं। शहद से लेकर नींबू या टमाटर जैसी चीज़ों को अपनी स्किन की केयर का हिस्सा बनाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि हर किचन इंग्रीडिएंट स्किन के लिए सुरक्षित नहीं होता है। गर्मी पहले से ही आपकी स्किन के लिए कई तरह की समस्याएं लेकर आती है। ऐसे में अगर आप गलत इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे आपकी स्किन बद से बदतर हो सकती है। इससे आपकी स्किन में जलन से लेकर रैशेज और पिगमेंटेशन की शिकायत हो सकती है।

### प्याज या लहसुन का रस

अक्सर लोग पिंपल्स या दाग-धब्बों से निजात पाने के लिए प्याज़ या लहसुन के रस का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन गर्मी के मौसम में इसे लगाने से बचना चाहिए।



दरअसल, इस मौसम में स्किन को जलन या खुजली की शिकायत हो सकती है।

इतना ही नहीं, यह पसीने और तेज़ धूप के साथ रिएक्ट कर सकता है, जिससे रैशेज या एलर्जी हो सकती है। चेहरे की डेलीकेट स्किन के लिए ये नुकसानदायक साबित हो सकती है। नमक को भी हम अपने ब्यूटी रूटीन में शामिल करना पसंद करते हैं। यह बॉडी स्क्रब्स में ठीक है, लेकिन चेहरे के लिए इसे इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

कार्नर न्यूज

### ड्रेसिंग की गलतियां सुधारना है समझदारी की बात

## ड्रेसिंग की इन गलतियों से आपकी हाइट दिखती है कम, इन्हें पहचान कर जल्द सुधार सकते हैं


हाइट कम होना कोई खराब बात नहीं है। लेकिन गलती करके ऐसी ड्रेसिंग करना जिससे हाइट कुछ ज्यादा ही कम लगे ये भी सही नहीं है। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी ड्रेसिंग में वो खास गलतियां बाहर कर दें जो आपको जरूरत से ज्यादा छोटा दिखाती हैं। इन गलतियों को पहचान कर अपनी हाइट को ज्यादा दिखाया जा सकता है। इन गलतियों को पहचान लीजिए ताकि आपको अपना बेस्ट लुक मिल सके। चलिए इन गलतियों को पहचान लीजिए-

### ओवरसाइज़ जैकेट

आपको हाइट को ज्यादा महसूस कराना हो तो ओवरसाइज़ जैकेट या दूसरे बैगी कपड़ों से भी दूरी बनानी होगी। बैगी और ढीले कपड़े कम हाइट का इल्यूजन देते हैं। इसमें पैर छोटे महसूस होते हैं।

### जींस की लंबाई

जींस की लंबाई कितनी है? हाइट को ठीक ठाक दिखाने के लिए ये जानना जरूरी है। अगर जींस के नीचे कुछ हिस्से की यूंहीं लेयर बन



रही हैं तो आपको इसे तुरंत कटा लेना चाहिए। कटा नहीं सकते हैं तो इन्हें कम से कम एंकल तक फोल्ड कर लें। इसकी फिटिंग पर भी ध्यान दें।

### हील वाले जूते

अगर आपकी स्टाइल में हील वाले जूते शामिल है तो आपको इन्हें ना कर देना चाहिए। इसके साथ हैवी सोल वाले जूते भी नहीं चलेंगे। आप सोच रहे होंगे हील वाले जूतों में क्या दिक्कत है? दिक्कत है। दरअसल इसमें आपके पैर छोटे दिखते हैं।

### भारी एसेसरीज

अगर आपको भारी एसेसरीज जैसे टाई और घड़ी पहनना पसंद है तो इनको भी लुक से निकाल दीजिए। आपको पतली टाई पहननी होगी, इसके साथ आपको पतले स्ट्रेप वाली घड़ी भी पहननी होगी।

### गलत लेयरिंग]

लेयरिंग करना फैशन का हिस्सा है लेकिन इसे सही तरीके से किया गया हो तब ही अच्छा रहेगा। अगर लेयरिंग का हर कपडा अलग रंग का है तो मामला सही नहीं बैठेगा। लेयरिंग को एक ही कलर पैलेट में पहनें तो अच्छा रहेगा। इसके साथ प्रिंट न चुनें और सॉलिड रंगों का चुनाव करें।

